TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition
विदेशी महिला पर्यटक को बंदर ने काटा.... (पेज-3)
पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-29 | मूल्य ₹7 | मंगलवार | दिनांक- 28.07.2026

# उद्योग हित में ईंट उत्पादकों ने नए सिरे से 'बिछाईं' सहयोग और समन्वय की ईंटें

## श्रमिकों की चालबाजी से बचने को कानूनी प्रक्रिया अपनाने का निर्णय

- लाखों के राजस्व की चपत लगा रहे हैं दूसरे प्रांत के उत्पादक, जीएसटी अधिकारियों की उड़ाएंगे नींद
- आगरा ईंट उत्पादक समिति की वार्षिक बैठक में ऋषि उपाध्याय बने संरक्षक

मोनू समाधिया।

**पिनाहट।** विभिन्न समस्याओं से धधक रहे ईंट उत्पादकों ने उद्योग हित में उम्मीदों के भट्ठा में नए सिरे से सहयोग और समन्वय की ईंटें बिछाईं हैं। वार्षिक बैठक में निर्णय लिया गया कि एडवांस में भुगतान लेने के बाद भी श्रमिकों की चालबाजी का अब करारा जवाब दिया जाएगा। इसके लिए एडवांस देते समय श्रमिकों से लिखित में कानूनी करार किया जाएगा। सरकार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों का पालन करते हुए सभी भट्ठों का संचालन केवल जिगजैग एवं हाइब्रिड (हायदरा) तकनीक से ही किया जाएगा। इसके साथ ही दूसरे प्रांतों के उत्पादकों की मनमानी रोकने के लिए जीएसटी अधिकारियों से दो टूक बात की जाएगी। ये उत्पादक लाखों के राजस्व की चपत लगा रहे हैं। बाजार का भाव खराब कर रहे हैं।

आगरा केएक होटल में सोमवार को हुई ईंट उत्पादक समिति की वार्षिक बैठक जनपद के भट्ठा स्वामियों ने ईंट उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कहा गया कि ठेकेदार मजदूरी बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं। कुछ ठेकेदार एडवांस में रुपये लेकर भी मुकर जाते हैं। इससे उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ता है। इससे बचने के लिए अब ठेकेदारों से लिखित करार किया जाएगा। भट्ठा स्वामियों ने ईंटों की बिक्री के लिए उचित एवं एक समान दर बनाए रखने पर भी सहमति जताई, ताकि अनावश्यक प्रतिस्पर्धा पर रोक लग सके और उद्योग को मजबूती मिल सके।





बैठक में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशों का पालन करते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष वाले ईंट भट्ठों का ही संचालन किया जाएगा। वर्तमान में 40 प्रतिशत भट्ठे पुराने तरीके से ही संचालित हो रहे हैं। दूसरे प्रांतों के उत्पादक जीएसटी चोरी करके आगरा के बाजार में आ रहे हैं। यूपी के जीएसटी से कई बार मांग की कि आगरा सीमा पर चेकिंग कर इनसे जीएसटी वसूली जाए लेकिन, अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस मुददे पर भी जल्द ही एक बैठक आहूत की जाएगी।

बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से ऋषि उपाध्याय को आगरा ईंट उत्पादक समिति का संरक्षक तथा योगेंद्र को सह-संरक्षक नियुक्त किया गया। बैठक में संगठन के अध्यक्ष शशिरंजन सिंह, उपाध्यक्ष देवेंद्र भदौरिया, अशोक उपाध्याय, महासचिव सुनील आरेला, सभा अध्यक्ष सी.पी. शर्मा (पूरन चंद शर्मा), संरक्षक ऋषि उपाध्याय सहित रमाकांत शर्मा, संदीप सिंह, मोनू भारद्वाज, विशाल आरेला, राकेश पचौरी, राकेश शर्मा, सोनू सिंह, राम अवतार सिंह, अतुल शर्मा, आदेश गर्ग, मुकेश गुप्ता, श्याम सुंदर शर्मा तथा यूनियन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मिथिलानगरी में श्रीराम बरात पर आकाश से होगी पुष्प वर्षा



टीएनएफ टुडे, आगरा।

- 16 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में सजेगा जनक महल, चार भव्य प्रवेश द्वार

जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति इस वर्ष जनकपुरी महोत्सव को भव्यता, दिव्यता और नवीनता के ऐसे स्वरूप में आयोजित करने जा रही है, जो न केवल उत्तर भारत बल्कि विश्व पटल पर पहचान स्थापित करेगा। भावना एस्टेट रोड पर साकार होने जा रही मिथिला नगरी में जनक महल से लेकर प्रवेश द्वारों, झांकियों, विद्युत सज्जा और व्यवस्थाओं तक प्रत्येक पहलू को विशेष रूप से आकर्षक बनाया जा रहा है। सबसे विशेष आकर्षण भगवान श्रीराम की राम बारात के मिथिला नगरी में प्रवेश के समय हेलीकॉप्टर से भगवान श्रीराम के स्वरूपों पर पुष्प वर्षा होगी।

जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार (राजू यादव) ने बताया कि कावेरी कौस्तुभ अपार्टमेंट के निकट लगभग 16 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में भव्य जनक महल का मुख्य मंच तैयार किया जाएगा। वर्तमान में मंच की रूपरेखा और निर्माण को लेकर विशेषज्ञों के साथ मंथन चल रहा है। जनकपुरी क्षेत्र में प्रवेश के लिए चार भव्य मुख्य द्वार बनाए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए एक अलग विशेष प्रवेश द्वार रहेगा। प्रयास किया जा रहा है कि उनके आवागमन की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ट उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। चारों प्रमुख मार्गों पर प्रतीक्षालय (वेटिंग रूम) भी बनाए जाएंगे, जिससे वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को सुविधा मिल सके। समस्त प्रवेश एवं निकास मार्गों की योजना इस प्रकार बनाई जा रही है कि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस सहित अन्य आवश्यक वाहन आसानी से आवागमन कर सकें।

मीडिया प्रभारी राणा सुशील सिंह ने बताया कि जनक महल के अतिरिक्त प्रत्येक प्रवेश द्वार के निकट रामायण कालीन विशेष झांकियां स्थापित की जाएंगी। संपूर्ण जनकपुरी क्षेत्र को आकर्षक विद्युत सज्जा से दुल्हन की तरह सजाया जाएगा तथा प्रत्येक घर भी इसी थीम के अनुरूप अलंकृत होगा। उन्होंने बताया कि सभी स्टॉलों की सजावट की जिम्मेदारी भी समिति स्वयं निभाएगी, ताकि पूरे परिसर में एकरूपता, अनुशासन और सौंदर्य बना रहे। कार्यकारी अधिकारी संजय गोयल एवं मुख्य संरक्षक मनोज बंसल ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की बहन शांता तथा उनके पति श्रृंगी ऋषि के जीवन से भी परिचित कराया जाएगा।

### महिला समिति की अध्यक्ष बनीं अमृता पोरवाल

बैठक में महिला समिति की कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। अमृता पोरवाल ने महिला समिति की अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बताया कि डॉ. रुचि चतुर्वेदी मंच संचालन एवं मंच व्यवस्था की प्रमुख रहेंगी। आरती शर्मा मुख्य संरक्षक, सूची खंडेलवाल मुख्य संयोजक, शीतल अग्रवाल मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एकता बंसल उपाध्यक्ष, सीमा सिंह महामंत्री, दीप्ति नरेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष तथा मिसी यादव एवं शालिनी पोरवाल समन्वयक का दायित्व निभाएंगी।

### कोर कमेटी को सौंपे गए महत्वपूर्ण दायित्व

आयोजन समिति की कोर कमेटी में संतोष कटारा को मुख्य संरक्षक, संजय गोयल को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मनोज बंसल को मुख्य संयोजक, धर्मेश जैन को मुख्य समन्वयक, अंकुश मित्तल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आकाश गोयल ग्वाला को कोषाध्यक्ष तथा राणा सुशील सिंह को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा निमित पोरवाल, कपिल पोरवाल, विश्वनाथ जुनेजा, अखिलेश दुबे, मनोज जादौन, पार्षद वेद प्रकाश गोस्वामी, साहूकार उपाध्याय, गर्वित ठुकराल, मनीष राजपाल, डॉ. गजेंद्र सिंह तोमर, नरेश सिंह जादौन, ऋषि खंडेलवाल, सुनील पाठक, नरेंद्र शर्मा एवं प्रभाकर शर्मा को भी कोर कमेटी में शामिल किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य संस्थान का हो विस्तार: एसपी सिंह बघेल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- सांसद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष चिकित्सालय के उन्नयन के लिए तर्क रखे



केंद्रीय राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष शहर में स्थित मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय के उन्नयन के लिए मजबूती से तर्क रखे। उन्होंने इस आशय का पत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपा। प्रो बघेल का कहना है कि इस संस्थान का उन्नयन किए जाने से प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। इस क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सा, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। भौगोलिक दृष्टि से मध्यप्रदेश तथा राजस्थान राज्य के 40 किलोमीटर निकट होने, चार राष्ट्रीय राजमार्ग, दो एक्सप्रेसवे एवं अन्य माध्यमों द्वारा यात्रा के सुगम होने से आस-पास के राज्यों सहित पूरे उत्तर भारत की लगभग 70 करोड़ की जनसंख्या को इसका लाभ प्रदान किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि आगरा स्थित मानसिक स्वास्थ्य संस्थान इस दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त है। क्योंकि यहाँ पहले से ही विस्तृत परिसर, आधारभूत संरचना तथा दीर्घकालीन संस्थागत अनुभव उपलब्ध है। अपेक्षाकृत न्यूनतम अतिरिक्त वित्तीय निवेश के साथ इसे एक प्रमुख क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बल्कि समूचे उत्तर भारत के लोगों को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

# सीजेपी का प्रदर्शन : पुलिस ने 2,873 लोगों की पहचान की

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर गत सोमवार को हुए सीजेपी के प्रदर्शन की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान हिंसा और तोड़फोड़ में शामिल 2,873 लोगों की पहचान की गई है। इनमें से 989 लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड मिला है। पुलिस के अनुसार, इनमें हत्या के 101 आरोपी, लूट व डकैती के 284 आरोपी तथा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न सहित अन्य अपराधों के 92 आरोपी शामिल हैं। इसके अलावा झपटमारी के 135, आर्म्स एक्ट के 229, एनडीपीएस एक्ट के 67 और अपहरण के 19 आरोपी भी चिह्नित किए गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 20 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें करीब 15 एफआईआर पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की शिकायत पर दर्ज हुई हैं, जबकि शेष शिकायतें महिला पत्रकारों और अन्य निजी पीड़ितों की ओर से दर्ज कराई गई हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हिंसा, पुलिसकर्मियों पर हमले और सरकारी व निजी वाहनों में तोड़फोड़ करने वालों की पहचान की गई। जांच में यह भी सामने आया कि कई आरोपी आदतन अपराधी हैं।

हत्या के 101 आरोपियों में से 42 पर दो या अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि 12 के खिलाफ 10 या उससे अधिक मामले हैं। इसी तरह लूट और डकैती के 284 आरोपियों में से 155 पर कई मुकदमे दर्ज हैं और 31 के खिलाफ 10 से अधिक मामले लंबित हैं। दिल्ली पुलिस ने जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### सीजेपी ने सरकार को दिया अल्टीमेटम

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने सरकार पर समझौते के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक बार फिर से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह को एक्स पर सीधे तौर पर लिखते हुए पुलिस कार्रवाई और छात्रों की गिरफ्तारी पर कड़ी आपत्ति जताई है। आशुतोष ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगें तुरंत नहीं मानी गईं, तो वे दोबारा धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

### 'यह सम्मान नहीं, बर्बादी का जश्न'

संसद परिसर में सोमवार को जबरदस्त राजनीतिक बवाल देखने को मिला। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का एनडीए सांसदों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने इस स्वागत समारोह को देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। राहुल गांधी ने पूर्व शिक्षा मंत्री पर सीधे गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा किसी नैतिकता के आधार पर नहीं आया था। देश के छात्र और युवा लंबे समय से सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे। युवाओं के इसी भारी आक्रोश के डर से उन्हें पद छोड़ना पड़ा।

# सहयोग समन्वय संवेदनाशीलता लोकतंत्र की आत्मा: देवी प्रसाद गुप्ता

## अयोध्या में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का भव्य पत्रकार सम्मेलन सम्पन्न, लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका पर हुआ मंथन

### 'ग्राम्य गौरव' स्मारिका का हुआ विमोचन

देव बख्श वर्मा।

अयोध्या। लोकतंत्र मे सहयोग समन्वय तथा संवेदनशीलता की बडी महत्ता है यह लोकतंत्र की आत्मा है । यदि सहयोग समन्वय एवम संवेदनशीलता का अभाव रहेगा तो लोकतंत्र का स्थायित्व सॅकटापन्न हो जायेगा । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अयोध्या मे आयोजित पत्रकार सम्मेलन मे राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पत्रकारिता मे बढते विश्वास के सॅकट को रोकना हमारी सबसे बडी जिम्मेदारी है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद अयोध्या के तत्वावधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय भव्य पत्रकार सम्मेलन रविवार को आचार्य नरेंद्र देव सभागार, फैजाबाद बार एसोसिएशन परिसर में गरिमामय वातावरण के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों, मंडलों एवं प्रदेश कार्यकारिणी से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने सहभागिता कर पत्रकारिता, लोकतंत्र, ग्रामीण विकास तथा मीडिया की समकालीन चुनौतियों पर गंभीर विचार-विमर्श किया।

सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि एसोसिएशन की वार्षिक स्मारिका ₹ग्राम्य गौरव₹ का भव्य विमोचन रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह स्मारिका ग्रामीण पत्रकारिता की सशक्त अभिव्यक्ति है और समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को मुख्यधारा तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

सम्मेलन का मुख्य विषय ₹लोकतंत्र में पत्रकारिता के दायित्व₹ रहा, जिस पर वरिष्ठ पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विधि विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त प्रहरी है। निष्पक्ष, निर्भीक और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाती है। वर्तमान समय में फेक न्यूज, सोशल मीडिया की चुनौतियों तथा बदलते तकनीकी परिवेश के बीच पत्रकारों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अपर मुख्य सचिव एवं जिला जज सहित अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता की। विशिष्ट अतिथियों में राज्य सूचना आयुक्त सहित कई गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि गांव-देहात की वास्तविक समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में ग्रामीण पत्रकारों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. देवी प्रसाद गुप्ता जी ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती, पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई तथा सारगर्भित उद्बोधन से उपस्थित पत्रकार बन्धुओं का मार्ग प्रशसत किया ।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने पत्रकारों से संगठनात्मक एकता बनाए रखने तथा निष्पक्ष पत्रकारिता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम संयोजक अयोध्या जनपद के जिला अध्यक्ष देव बक्स वर्मा ने सभी अतिथियों, पत्रकार साथियों एवं सहयोगियों का स्वागत करते हुए कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य पत्रकारों को एक मंच पर लाकर समसामयिक विषयों पर सार्थक संवाद स्थापित करना तथा ग्रामीण पत्रकारिता को नई दिशा देना है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों और पत्रकारों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न जिलों से आए पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा किए तथा मीडिया जगत के बदलते स्वरूप, पत्रकार सुरक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन की चुनौतियों और संगठन की भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। पूरे आयोजन के दौरान पत्रकारों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने इसे संगठन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने पर बल दिया। अंत में राष्ट्रगान के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन ग्रामीण पत्रकारिता को नई ऊर्जा प्रदान करेगा तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे पदाधिकारियों ने रखे विचार

सम्मेलन की विशेषता यह रही कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का स्वरूप केवल प्रदेश तक सीमित नहीं दिखाई दिया, बल्कि यह राष्ट्रीय एकात्मता और पत्रकार बंधुत्व का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पत्रकारिता के बदलते परिदृश्य, संगठन की भूमिका तथा पत्रकारों के अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरविंद तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण पत्रकार लोकतंत्र की जड़ों को सींचने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों से निकलने वाली खबरें ही देश के वास्तविक सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को सामने लाती हैं। पत्रकारों की सुरक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित किए बिना लोकतंत्र को पूर्णतः सशक्त नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने राज्यों के मध्य समन्वय बढ़ाने तथा संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश संयोजक हितेश जिंदल एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन दिल्ली इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी जी के साथ तीनों पदाधिकारियों ने अयोध्या में आयोजित इस भव्य सम्मेलन को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बढ़ती राष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रतीक बताते हुए आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे वैचारिक और संगठनात्मक आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का आह्वान किया।

# घेवर बनाते सिलेंडर में लगी आग, हादसे में पिता-पुत्र समेत पांच लोग झुलसे

टीएनएफ टुडे, बाह (आगरा)।

थाना बाह क्षेत्र के कस्बा जरार में रविवार को घेवर बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग जाने से बड़ा हादसा हो गया। आग की चपेट में आकर पिता-पुत्र सहित पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत होने पर सभी को आगरा रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, जरार कस्बे में घेवर तैयार करने का काम चल रहा था। इसी दौरान गैस सिलेंडर में अचानक आग भड़क उठी, जिससे वहां मौजूद कारीगर और अन्य लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में धीरज (30) पुत्र मुकेश कुमार, भूरा पुत्र इस्माइल, राजेश (45) पुत्र रूप सिंह, प्रमोद (50) पुत्र जनक सिंह तथा मुकेश (55) पुत्र रामचरन, सभी निवासी जरार, गंभीर रूप से झुलस गए।घटना की सूचना मिलते ही थाना बाह पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया गया। डीपी तिवारी थाना प्रभारी बाह के अनुसार आग लगने के कारणों की जांच हो रही है।





## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा ने मन मोहा

**आगरा।** कभी मैया यशोदा से चांद को खिलौना समझ उसे मांगने की जिद तो कभी राधा से ब्याह कराने की हठ। माखन चोरी, ओखल लीला, गोवर्धन पूजा जैसी लीलाओं ने जहां भक्तों को भाव विभोर कर दिया। वहीं बालक कृष्ण के पूतना वध व अन्य राक्षसों का वध करने पर कथा स्थल राधा-कृष्ण के जयकारों से गूंजायमान उठा। श्रीकृष्ण के दर्शन करने पहुंचे शिवजी के प्रसंग का वर्णन हुआ भक्तों का मन भी भक्ति में झूमने नाचने लगा। श्रीश्याम परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा फतेहाबाद रोड स्थित राजदेवम आयोजित में श्रीमद्भावत कथा के पांचवे दिन व्यास पीठ से बैठकर कथा वाचक पूज्यश्री जया किशोरी ने गोवर्धन पूजा व श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भक्तिमय वर्णन किया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चे कन्हैया और राधा के रूप में सज संवरकर पहुंचे। कहा कि भगवान ने जो भी लीलाएं की वह जग कल्याण के लिए कीं। अभिभावकों से कहा कि जिस तरह माता यशोदा श्रीकृष्ण की हर छोटी छोटी बात ध्यान से सुनती थीं। आप भी सुनें। बच्चों की बेकार की और छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज न करें। अन्यथा बड़े होने पर वह आपसे बड़ी बड़ी बातों को छिपाएंगे। बच्चों को समय दें।

# स्कूली बच्चों से भरी बस पानी में फंसी

## चीख पुकार सुन पहुंचे ग्रामीणों ने बच्चों को बाहर निकाला





टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना निबोहरा क्षेत्र के गांव नाथूपुरा में बारिश के कारण तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर भर गया है। सोमवार को बच्चों से भरी स्कूली बस सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाते समय तालाब की तरफ फिसलकर झुक गई। जिससे बच्चों में चीख पुकार मच गई। जानकारी पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को बस से बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं बड़ा हादसा हो सकता था।

**तालाब ओवरफ्लो होने से सड़क पर जमा हुआ पानी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर 1:30 बजे के करीब फतेहाबाद के एक विद्यालय का बस चालक बच्चों को लेकर निबोहरा क्षेत्र में छोड़ने जा रहा था। नाथूपुरा गांव में बारिश के चलते तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर भर गया है। सामने से आ रहे बाइक सवार को बस चालक ने बचाया तो बस फिसलकर तालाब की तरफ झुक गई। जिससे बस में बैठे बच्चों में चीखपुकार मच गई। जानकारी पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बस में सवार बच्चों को बाहर निकाला गया। वहीं ग्रामीण मोनू ने बताया कि बारिश के चलते तालाब का पानी ओवरफ्लो का सड़क पर भर गया है। जिससे ग्रामीणों को और स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर घुटनों-घुटनों तक पानी हो गया है। जिससे सड़क अंदाजा नहीं हो पता है। आए दिन बाइक सवार व स्कूली बच्चे गिर जाते हैं। स्कूल के बच्चों से भरी बस चालक बाइक सवार को बचाते समय अंदाजा नहीं लग पाया था कि तालाब के पानी से सड़क धंस गई है। बस पलटने से बची है। बच्चों को बाहर निकाल लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर बस पलट जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने की बावजूद भी अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

# शहीद जवानों के परिजनों का सम्मान

टीएनएफ टुडे, अछनेरा।

ब्लॉक के गांव सिंगना में स्थित भगत जी सेवा आश्रम में रविवार देर रात कारगिल विजय दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में कारगिल वीर शहीदों के परिजनों एवं भारतीय सेना में सेवारत जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रृंग ऋषि आश्रम के महंत और संचालन सुखवीर सिंह पूर्व प्रधान ने किया। मुख्य वक्ता भाजपा नेता गुड्डू चाहर ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले वीर सैनिकों और उनके परिवारों का त्याग, साहस एवं समर्पण देश के लिए प्रेरणास्रोत है। वीरांगनाओं और पूर्व सैनिकों का भव्य सम्मानसमारोह के दौरान वीर शहीदों की पत्नियों (वीर नारियों) और वृद्ध माता-पिता को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल, अंगवस्त्र और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। जब मंच पर शहीदों के माता-पिता का सम्मान हुआ, तो पूरा पंडाल 'भारत माता की जय' और 'वीर शहीद अमर रहें' के गोंजते नारों से जीवंत हो उठा। युवाओं को राष्ट्रसेवा की सीखकार्यक्रम के अंत में भूतपूर्व सैनिक समिति के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों ने मुख्य अतिथि गुड्डू चाहर का आभार व्यक्त किया। आयोजक टीम देवेंद्र चौधरी, हैमसिंह चौधरी, प्रकाश चौधरी, जय राज चौधरी, सुरेश भगत, मेबारम भगत, गीतम प्रधान, कुंदन सिंह लोधी, राजू प्रधान झारौटी जी, रघुवर सरपंच, जोगेंद्र प्रधान, भगत प्रधान, पिंटू छौंकर, हाशिम कुरैशी, जितेंद्र फौजदार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र शक्ति की जीतः राहुल

## परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए इस आंदोलन को सदैव जाना जाएगा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राहुल चतुर्वेदी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा को छात्र शक्ति की जीत बताया है। कहा है कि जंतर मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के साथ-साथ पूरे देश में फैले छात्रों के इस आंदोलन की ऐतिहासिक जीत है।

सपा नेता ने कहा कि भाजपा कहती है कि हमारे यहां इस्तीफे नहीं होते। लेकिन अब इस इस्तीफे ने भाजपा की आइडियल नीति को धूल चटा दी है। जंतर मंतर पर भयंकर गर्मी और बारिश से तो छात्रों ने मुकाबला किया ही, निर्मम पुलिस की लाठियों से भी नहीं डरे। छात्रों ने यह साबित कर दिया कि देश के अंदर लोकतंत्र को घायल किया जा सकता है, मिटाया नहीं जा सकता। सपा नेता राहुल चतुर्वेदी ने कहा है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, किसान आंदोलन में भी भाजपा सरकार को मुंह की खानी पड़ी थी और कदम वापस लेने पड़े थे। इस आंदोलन में भी भाजपा सरकार को किसान आंदोलन की तरह मुंह की खानी पड़ी है और कदम वापस लेने पड़े हैं। यदि यही काम केंद्र की भाजपा सरकार अब से पहले समय रहते कर लेती तो निश्चित रूप से बहुत सारे छात्र घायल नहीं हुए होते और सोनम वांगचुक जैसे समाजसेवी को 25 दिन भूख हड़ताल पर नहीं बैठना पड़ता। अंततः लोकतंत्र जीता है और तानाशाही हारी है। परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए इस आंदोलन को सदैव जाना जाएगा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राहुल चतुर्वेदी का कहना है कि वैसे भी लोकतंत्र में संवाद की जगह लाठी नहीं हो सकती। दिल्ली में छात्रों पर लाठी चार्ज की कार्रवाई सरकार की तानाशाही दर्शाती है।



# तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

## आगरा के संजय प्लेस कपड़ा मार्केट में दर्दनाक हादसा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

थाना हरीपर्वत क्षेत्र स्थित संजय प्लेस कपड़ा मार्केट में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में तीसरी मंजिल से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान कराने के साथ-साथ घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार संजय प्लेस स्थित कपड़ा मार्केट ब्लॉक नंबर-2 में एक युवक अचानक तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह लोगों ने शव पड़े देखा को आसपास के दुकानदार और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर थाना हरिपर्वत पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवक का पैर फिसला, उसने छलांग लगाई या घटना के पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस का कहना है कि जिस ब्ल?क में यह हादसा हुआ है, वहां ग्रिल नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# 79,832 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां

## परीक्षा समिति परिषद की बैठक में 92वें दीक्षांत समारोह के आंकड़ों पर लगी मुहर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति परिषद की बैठक में सोमवार को 92वें दीक्षांत समारोह से संबंधित प्रस्तावों और आंकड़ों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्यों के समक्ष दीक्षांत समारोह से जुड़े विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत किए गए, जिनका परीक्षण करने के बाद परिषद ने उन्हें स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, तीन अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले 92वें दीक्षांत समारोह में 79,832 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें संबद्ध महाविद्यालयों के 78,465 तथा आवासीय परिसर के 1,197 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अलावा 167 पीएचडी और तीन डी.लिट. सहित कुल 170 शोध उपाधियां भी प्रदान की जाएंगी।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 64 छात्र/छात्राओं को 88 स्वर्ण पदकों से अलंकृत किया जाएगा, जिसमें 46 छात्राओं को 63 और 18 छात्रों को 25 पदक से सम्मानित किया जाएगा। स्नातक स्तर पर 25, स्नातकोत्तर स्तर पर 45 तथा प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में 18 पदक प्रदान किए जाएंगे। इन 88 पदकों में कुल 76 स्वर्ण और 12 रजत पदक हैं। शोध उपाधियों में 167 पीएचडी और तीन डी.लिट. शामिल हैं। पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वालों में 86 पुरुष और 81 महिला शोधार्थी हैं, जबकि डी.लिट. उपाधि एक पुरुष और दो महिला शोधार्थियों को दी जाएगी। सरकारी, सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के 78,465 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 55,339 स्नातक, 8,787 स्नातकोत्तर तथा 14,339 प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं। कुल उपाधि प्राप्त करने वालों में 39,879 छात्राएं और 38,586 छात्र हैं। वहीं विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर (रेजिडेंशियल विंग) के 1,197 विद्यार्थियों को भी उपाधियां दी जाएंगी। इनमें 347 स्नातक, 363 स्नातकोत्तर और 487 प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं।

दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए भी उपाधियां प्रदान की जाएंगी। बैठक में कुलपति, परीक्षा नियंत्रक डॉ ओम प्रकाश, वित्त अधिकारी सुदर्शन, प्रो मनु प्रताप सिंह, प्रो ब्रजेश रावत, प्रो संजय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।


## पीएचसी में नहीं सुविधाएं, एसडीएम को ज्ञापन


**फतेहाबाद।** विकासखंड फतेहाबाद के निबोहरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह ने जिलाधिकारी के नाम उपजिलाधिकारी फतेहाबाद को ज्ञापन सौंपा गया। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के जिला प्रवक्ता प्रदीप सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निबोहरा में तैनात चिकित्सकों के समय पर न पहुंचने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खराब होने को लेकर उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निबोहरा पर गंदगी के अंबार लगे हैं। काफी समय से स्वास्थ्य कर्मचारी ना पहुंचने के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं ज्यादातर समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लटका रहता है।

# निस्वार्थ भक्ति से ही मोक्ष संभव, स्थानक में दिगंबर मुनियों का भव्य स्वागत

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्वेतांबर और दिगंबर जैन समाज में दिखा प्रेम और सद्भाव एकता के जले दीप और जगमगाये समरसता के मोती। पहली बार दिगंबर जैन स्थविर संत श्री सूरत्नसागराचार्य महाराज ससंघ का महावीर भवन स्थानक में पधारे। जैन संत श्री शांति नाथ दिगम्बर जैन मंदिर टीचर्स कॉलोनी से विहार कर सोमवार को अपने साधु मंडल के साथ महावीर भवन न्यू राजा की मंडी कॉलोनी पहुंचे। जहां प्रवचन प्रभाकर अनुपम मुनि जी महाराज ने ससंघ उनकी भाव भरी अगवानी की। दोनों संतों के मंगलाचरण से सभा का शुभारंभ हुआ। स्थविर संत श्री सूरत्नसागराचार्य महाराज ने कहा कि वर्तमान में सभी रोगों की दवा जिनेंद्र भक्ति है। मनुष्य की भक्ति में आनंद की शक्ति छुपी हुई है। मात्र उसे देखने और सोचने की आवश्यकता होती है। वह सोमवार को सकल जैन समाज के तत्वावधान में महावीर भवन में आयोजित प्रवचन सभा में उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भक्ति ही मानव के दुखों का निवारण कर सकती है। हमें छल कपट मायाचारी से दूर रहकर भक्ति करनी चाहिए। भगवान की भक्ति गुणगान और पूजन से ही मोक्ष संभव है। उन्होंने एस एस जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन जी के एकता के प्रयासो की सराहना करते हुए सभी से भगवान महावीर चरण ही नहीं आचरण को अंगीकार करने का आव्हान किया। मंगल प्रवचन प्रभाकर संत अनुपम मुनि ने कहा कि संप्रदाय और धर्म में अंतर है। संप्रदाय तोड़ता है धर्म जोड़ता है। महासती रिद्धिमा ने कहा कि मानव की गति सर्वश्रेष्ठ है। इस गति में आत्म धर्म और तप करके मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। एस एस जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने कहा कि मुनि श्री के पधारने से पुण्य स्थल की उर्जा में वृद्धि हुई है। आगरा दिगम्बर परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन ने मुनियों के चातुर्मास से सभी धर्म प्रेमियों की ज्ञान पिपाशा बुझेगी। पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने सकल जैन समाज के पूर्व संयोजक स्वर्गीय अशोक जैन सीए को स्मरण कर उनके द्वारा किए गए प्रयासों का जिक्र किया। अन्य वक्ताओं में प्रमुख रूप से श्री शांति नाथ दिगंबर जैन मंदिर, टीचर्स कॉलोनी के अध्यक्ष राकेश जैन पर्दे वाले, मंत्री दीपक जैन मसाले वाले, एस एस जैन समिति लोहामंडी के मंत्री सुशील जैन, परिषद के मनोज जैन आदि प्रमुख थे। सरिता काला, प्रीति गादिया श्रुति जैन आदि ने भजनों के माध्यम से स्वर लहरिया बिखेरी।





## दुर्गपाल सिंह कालेज में आदित्य का स्वागत

**पिनाहट।** कस्बा पिनाहट के दुर्गपाल सिंह महाविद्यालय में स्कूल में नीट 2026 में शानदार सफलता हासिल करने वाले आदित्य समाधिया एवं आर्यन भदौरिया का शुक्रवार को भव्य स्वागत किया गया। आदित्य ने ऑल इंडिया 6वीं रैंक और जनरल में 146वीं रैंक प्राप्त कर एम्स नई दिल्ली में प्रवेश पाया है। महाविद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक राघवेंद्र चौहान व समस्त स्टाफ ने आदित्य, आर्यन का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान आदित्य ने स्कूली बच्चों से संवाद किया। आर्यन भदौरिया ने छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का मूलमंत्र दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर अनुशासन के साथ पढ़ाई करो, सफलता जरूर मिलेगी।" बच्चों ने भी आदित्य से पढ़ाई और नीट की तैयारी के टिप्स लिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक राघवेंद्र चौहान ने कहा कि आदित्य, आर्यन ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में शिक्षक दिनेश चंद्र गुप्ता, ग्याराम शर्मा, लोकेंद्र शर्मा, रवि वर्मा, संदेश शर्मा अनिल शर्मा, वीरेंद्र कुमार, यदुनंदन चौहान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एमएलसी प्रत्याशी ने किया सीधा संवाद

**सिरसागंज (फिरोजाबाद)।** जवाहर नवोदय विद्यालय, सिरसागंज में आगरा खंड स्नातक एमएलसी प्रत्याशी अंबरीश पाल सिंह (युवराज अवागढ़) ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। उनका मार्गदर्शन भी किया। विद्यालय परिसर पहुंचने पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अंबरीश पाल सिंह ने जीवन में लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि "जीवन में चुनौतियाँ तो आती हैं, परंतु संघर्ष रूपी जुनून एक दिन सफलता के द्वार खोल देता है।" उन्होंने छात्रों को अपनी गौरवशाली विरासत की जानकारी देते हुए बताया कि उनके पूर्वज राजा बलवंत सिंह ने वर्ष 1885 में, जब देश तमाम चुनौतियों से घिरा था, तब राजा बलवंत सिंह कॉलेज की स्थापना की थी। आज यह संस्था एशिया के सबसे बड़े कॉलेजों में से एक है। उन्होंने आगे कहा कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, अगर मन में दृढ़ संकल्प और मेहनत करने का जुनून हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। युवराज अंबरीश पाल सिंह ने विद्यालय के रखरखाव, वहाँ के शैक्षणिक वातावरण और सौन्दर्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार उपाध्याय ने अंबरीश पाल सिंह का धन्यवाद व्यक्त किया।

## लकड़ी काटने के विवाद में मारपीट

**पिनाहट।** थाना क्षेत्र के गांव सेरब में सोमवार को लकड़ी काटने को लेकर हुए विवाद में देवर ने अपनी भाभी की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिनाहट में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल महिला ने आरोप लगाया कि लकड़ी काटने को लेकर हुए विवाद के दौरान उसके देवर ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसे शरीर पर कई चोटें आईं। घटना के बाद महिला ने पिनाहट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि महिला का चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकल) करा दिया गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चक मार्ग पर कब्जे का आरोप

**खेरागढ़।** तहसील क्षेत्र के गांव घुसियाना निवासी मुख्त्यार सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर खेत तक जाने वाले चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजा घुसियाना के गाटा संख्या 102 के लिए निर्धारित चक मार्ग को कुछ लोगों ने जोतकर अपने खेतों में मिला लिया है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। शिकायत में नेत्रपाल, हरी सिंह और राजेन्द्र सहित अन्य पर चक मार्ग पर अनाधिकृत कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थी ने प्रशासन से राजस्व विभाग की टीम द्वारा चक मार्ग का सीमांकन कराकर कब्जा हटवाने और रास्ता बहाल कराने की मांग की है। मामले में प्रशासन ने शिकायत प्राप्त कर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## चामुंडा माता मंदिर से घंटे चोरी

**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के गांव चीत स्थित प्राचीन चामुंडा माता मंदिर में अज्ञात चोरों ने डेढ़ कुंतल से अधिक पीतल का सामान चोरी कर लिया। चोर मंदिर से करीब 70-80 पीतल के घंटे, 51 किलो वजनी विशाल घंटा, पंचदीपक और पीतल की घंटी उखाड़कर ले गए। घटना की सूचना पर थाना खेरागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। ग्राम प्रधान बनियां कुशवाह ने बताया कि मंदिर का पूरा पीतल का सामान चोरी हो गया है। उल्लेखनीय है कि 5 जुलाई की रात पुल हनुमान मंदिर से भी 51 किलो का पीतल का घंटा चोरी हुआ था। लगातार हो रही मंदिर चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने चामुंडा माता मंदिर चोरी कांड का जल्द खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। थाना प्रभारी हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि चोरी का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा'

## डांटने पर किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**फतेहाबाद।** परिजनों का डांटना किशोरी को नागवार गुजरा तो उसने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से घर में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंसा देई 18 वर्ष पुत्री रामखिलाड़ी निवासी गढ़ी साबराय थाना फतेहाबाद को परिवार के लोगों ने फोन आदि ज्यादा चलाने को लेकर डांट दिया था। तभी किशोरी सोमवार सुबह अपने भतीजी व भतीजे को स्कूल छोड़ने गई और वहां से वापस आकर घर में चली गई। उसने कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। कुछ देर बाद भाभी आरती वापस आई तो उसने ननद को लटका हुआ देखा तो चीख निकल गई। पति को सूचना दी तथा आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किशोरी को नीचे उतारा गया। डॉक्टर के पास ले गए तो उन्होंने मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का कहना है कि फोन आदि ज्यादा चलाने को लेकर डांट दिया था जिसको लेकर किशोरी ने यह कदम उठाया है। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि किशोरी फोन चलाती थी, जिसका परिजनों ने विरोध किया था।

## भाकियू महाशक्ति का सदस्यता अभियान

**पिनाहट (आगरा)।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति का सदस्यता अभियान सोमवार को बसई अरेला क्षेत्र के गांव पुरा टीकम सिंह में आयोजित किया गया। अभियान में दर्जनों किसानों ने संगठन की सदस्यता ली। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय मुख्य सचिव श्रवण सिंह भदौरिया और ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हर्ष शर्मा व जिला प्रभारी हरेंद्र सिंह परिहार मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और किसानों की समस्याओं को मंच देने पर बल दिया। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए भूपेश पाराशर को ग्राम अध्यक्ष, रामवीर को उपाध्यक्ष और शिवकुमार परिहार को ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। ओमवीर, जितेन्द्र और ब्रजकिशोर को सदस्य बनाया गया। इस दौरान रमेश समाधिया, प्रभाकर यादव, सत्यवीर भदौरिया, अजय भदौरिया, बंगाली बाबू, श्रीनिवास, श्याम बाबू, देवेश पाराशर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## घर की जिम्मेदारी दोनों उठाएं

**आगरा।** धन कमाना हो या घर के काम करना। पति पत्नी दोनों का काम है। ग्लावों द्वारा गाय चराने जाने और गोपियों द्वारा दूध दही बेचने जाने के काम की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि बेटियों और बेटों दोनों को पैसा कमाने के साथ घर के काम भी सिखाएं। सब करना आना चाहिए। बेटे बेटी दोनों को धन कमाना, खाना बनाना, घर को बांधकर चलना, रिश्ते बनाना सबी आना चाहिए। यही समानता है। एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोपना नहीं। तभी परिवार चलता और सम्भलता है।

TNF® TODAY

टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज़ फैक्ट्स टुडे
tnftoday / tnftoday
www.tnftoday.com / epaper



# विदेशी महिला पर्यटक को बंदर ने काटा

## ताजमहल पर घटना के बादस्मारक देखे बिना ही लौटी

टीएनएफ टुडे, आगरा।



विश्व धरोहर ताजमहल में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दक्षिण कोरिया से आई एक महिला पर्यटक पर बंदर ने हमला कर दिया और उसके हाथ में काट लिया। घायल पर्यटक को बैटरी कार से अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। घटना के बाद यह विदेशी पर्यटक बिना ताजमहल का भ्रमण किए ही लौट गई।

जानकारी के अनुसार, दक्षिण कोरिया की किम मेह अपने साथी के साथ रविवार सुबह ताजमहल पहुंची थी। दोनों ने पहले से ऑनलाइन टिकट बुक कर रखे थे। उन्हें बताया गया कि विदेशी पर्यटकों के लिए टिकट विंडो के पास स्थित काउंटर से निःशुल्क शू-कवर और पानी की बोतल मिलती है। इसी दौरान उनका साथी काउंटर पर चला गया। जबकि किम मेह सीढ़ियों के पास उसका इंतजार कर रही थीं। इसी बीच अचानक एक बंदर वहां पहुंचा और महिला के दाहिने हाथ पर हमला कर दिया। बंदर के काटते ही उनके हाथ से खून बहने लगा। किम की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने बंदर को वहां से भगाया। घटना के बाद पर्यटक और उसके साथी ने तत्काल एंबुलेंस की मांग की। मौके पर मौजूद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के कर्मचारियों ने एंबुलेंस चालक को फोन किया। करीब एक घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। घायल महिला की हालत देखते हुए उसे ताजमहल परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया। इसके बाद भी एंबुलेंस उपलब्ध न होने पर बैटरी कार से शांति मांगलिक अस्पताल भेजा गया।घटना के बाद विदेशी पर्यटक ताजमहल का भ्रमण किए बिना ही वापस लौट गया। इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल पर्यटक सुरक्षा बल्कि आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना के दो वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में घायल महिला के हाथ से खून बहता दिखाई दे रहा है। जबकि दूसरा वीडियो उसकी पीड़ा और उपचार के लिए भटकने की स्थिति को दर्शाता है। वीडियो में स्थानीय लोग भी ताजमहल परिसर में बंदरों के बढ़ते आतंक पर चिंता जताते हुए उन्हें पकड़ने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि ताजमहल परिसर में इससे पहले भी कई भारतीय और विदेशी पर्यटक बंदरों के हमले का शिकार हो चुके हैं।

# डॉ. मिताली ने जीता गोल्ड मेडल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बदायूँ (उत्तर प्रदेश) के एमबीबीएस 2021 बैच में सभी विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडलिस्ट बनने वाली डॉ. मिताली गर्ग ने अपनी असाधारण प्रतिभा, अथक परिश्रम एवं लगन से आगरा शहर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर परिवार, गुरुजन एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है।


डॉ. मिताली गर्ग के पिता कौशल किशोर गर्ग ने विपरीत परिस्थितियों में अपनी तीनों पुत्रियों का पालन-पोषण कर उन्हें उच्च शिक्षा दिलाई और सफलता के शिखर तक पहुँचाया। डॉ. मिताली गर्ग की माताजी स्वर्गीय कल्पना गर्ग का निधन उनके बचपन में हो गया था। उनके पिता ने अपनी बेटियों का भविष्य संवारा। परिवार की बड़ी पुत्री रिद्धिमा गर्ग जर्मनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने स्वयं को सफल बनाने के साथ-साथ अपनी दोनों बहनों को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सबसे छोटी पुत्री गुंजन गर्ग गुजरात से अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। इस गौरवपूर्ण सफलता में परिवार के सभी भाई-बहनों, परिजनों एवं शुभचिंतकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। डॉ. मिताली गर्ग की यह उपलब्धि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर शांति गर्ग (दादी), कौशल किशोर गर्ग, अक्षत गुप्ता, विवेक गर्ग एवं पायल गर्ग सहित उनके शिक्षक राजेंद्र पाराशर ने डॉ. मिताली गर्ग को स्वर्णिम सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## शहीद सैनिकों को कैडेट्स ने किया नमन

# कारगिल विजय दिवस पर आगरा कालेज में हुआ कार्यक्रम




टीएनएफ टुडे, आगरा।



एनसीसी आर्मी विंग एव एयर विंग के संयुक्त तत्वावधान में आगरा कॉलेज के सेमीनार हॉल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने ऑपरेशन विजय के दौरान 1999 में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो पीवी झा एवं मुख्य प्रानुशासक प्रो वीके सिंह ने अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि जब भी देश पर दुश्मन ने आंख उठाने का प्रयास किया है तो हमारे सैनिकों ने उसको मुंह तोड़ जवाब देकर भारत माता का मस्तक सदैव ऊंचा रखा है। हमें ऐसे वीर जवानों पर गर्व है। एनसीसी आर्मी विंग के कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने ऑपरेशन विजय के वीर सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की। वहीं एयर विंग के फ्लाइंग ऑफिसर नितेश शर्मा ने भारतीय सेना एवं वायु सेना को विश्व का सबसे मजबूत सैन्य बल बताते हुए तीनों अंगों की प्रशंसा की और कारगिल युद्ध के दौरान इनकी सशक्त भूमिका को रेखांकित किया। सार्जेंट प्राची अग्रवाल ने संचालन तथा अंडर ऑफिसर समायरा सिंह ने आभार व्यक्त किया। कैडेट अनुश्री बर्मन, चमन यादव, परी सोनी, दीक्षा भदौरिया, अनुष्का, देवांश शर्मा, प्रथम गर्ग ने कारगिल विजय दिवस पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कैडेट प्रियंका, प्रिया, आर्यन पचौरी सक्षम संदीप दीपेश सहित एनसीसी आर्मी विंग एवं एयर विंग के कैडेट्स उपस्थित रहे। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

# गौ माता के सम्मान में 8 लाख हस्ताक्षर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शहर में गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के संकल्प के साथ एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जिला संयोजिका हिमानी चतुर्वेदी ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन में 8 लाख हस्ताक्षरों के माध्यम से गौ संरक्षण की आवाज बुलंद की गई।

> कार्यक्रम में गौ संरक्षण की आवाज की गई बुलंद

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक भव्य शोभायमान रैली रही। इसमें नंदीबाबा सबसे आगे चल रहे थे। उनके साथ युगल जोड़ी में बने छोटे-छोटे नन्हें बच्चे लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। इस रैली में एक हजार से भी अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आगरा की सड़कों पर गौ रक्षा का संदेश दिया।

इस गरिमामयी अवसर पर अतिथि अदिति कात्यायन, प्रियंका शर्मा, संभाग प्रभारी श्यामा गोपाल सरस्वती, पवन समाधिया, पंडित धर्मवीर तोमर, अमरनाथ, सोनू शर्मा, राजीव शर्मा, सुनील शर्मा और जितेंद्र रावत सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भजन करते हुए गौ सम्मान आह्वान अभियान का प्रार्थना पत्र जिला अधिकारी को सौंपा गया।

# जीएसटी विभाग को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



टीएनएफ टुडे, आगरा।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश इस मांग पत्र के माध्यम से प्रदेश के उद्योगों, व्यापारियों की जीएसटी से सम्बन्धित समस्याओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता है। जीएसटी विभाग के अधिकारी कानून को मनमर्जी से तोड़ मरोड कर व्यापारियों के उत्पीडन में लगे हुए हैं। भरपूर राजस्व एकत्र करने के बाद भी नित नये तरीकों से व्यापारियों का उत्पीडन किया जा रहा है।

महानगर अध्यक्ष नरेश पाण्डेय ने कहा कि सचल दस्तों के द्वारा पूरा टैक्स जमा होने के बाद भी तकनीकी आधार पर (मानवीय भूलों) अनावश्यक कमियां निकालकर जुमार्ना जमा कराया जा रहा है। जीएसटी अधिनियम में 40 लाख रुपए तक का व्यापार करने वाले व्यापारियों को रजिस्टेशन से छूट प्राप्त है, परन्तु विभागीय अधिकारी टारगेट पूरा करने के लिए कम टर्नओवर वाले व्यापारियों का भी उत्पीड़न कर रजिस्टेशन प्राप्त करने के लिए बाध्य कर रहे हैं। एसआईबी जॉच व सर्वे के समय व्यापारी को भारी धनराशि कर के रूप में जमा करने के लिए बाध्य किया जाता है। जॉच का निर्णय पूर्ण होने से पहले किसी प्रकार का कर जमा कराया जाना गलत है।

ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष नरेश पाण्डेय, महानगर कोषाध्यक्ष सुरेश लवानिया, अरुण गुप्ता, कपूर चंद रावत, संजय गुप्ता, जयदीप सोनकर, रामकुमार अग्रवाल, संतोष गुप्ता, उस्मान अगाई, पंकज अग्रवाल,, रियासत अली, प्रिंस जैन, हाजी कदीर खान, पंकज मिश्रा, राकेश कश्यप,विकास शल्या,अफरोज सैफी, किशोर वर्मा, अख्तर खान, बाबर खान, मोहम्मद सगीर, मोहम्मद इरफान, सोनू पंडित आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## उपस्टेशन अधीक्षक से मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**आगरा।** 12 जुलाई को आन ड्यूटी उपस्टेशन अधीक्षक आगरा छावनी को आरपीएफ स्टाफ एवं अन्य बाहरी लोगों ने मारपीट की थी। इस संबंध में जीआरपी थाने आगरा छावनी में शिकायत की गई थी। वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी आरोपियों की गिरफ़्तारी नहीं हुई। अत: उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ आप से मांग करता है कि रेल प्रशासन द्वारा गठित जांच कमेटी रिपोर्ट के आधार पर की गई कार्यवाही को सार्वजानिक करने तथा प्लेटफार्म पर उपस्थित असामाजिक तत्वों द्वारा आन ड्यूटी उप स्टेशन अधिक्षक आगरा छावनी के साथ उपरोक्त घटना किये जाने पर रेलवे प्रशासन द्वारा उठाए गये सख्त कार्रवाई की जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग करता है।

## फर्जी सवारी बनाकर लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

**आगरा।** पुलिस ने रात के समय सवारी बैठाकर लूटपाट करने वाले एक शातिर गैंग का पदार्फाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थाना शमशाबाद पुलिस की कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से नगदी, आभूषण, एक तमंचा तथा वारदात में इस्तेमाल की जा रही किराये की थार और स्कॉर्पियो बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रात के समय किराये की थार और स्कॉर्पियो में सवारी बैठाते थे और उन्हें सुनसान स्थान पर ले जाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। गैंग तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कई लोगों को अपना शिकार बना चुका था। पूछताछ में आरोपियों के आपराधिक इतिहास का भी पता चला है। पुलिस उनके खिलाफ दर्ज अन्य मामलों की जानकारी जुटाने के साथ-साथ गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में भी जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय लूटपाट करने वाले गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है।

# खोया-पाया केंद्र और हेल्प डेस्क कर रही मदद

## गुरु पूर्णिमा एवं गोवर्धन परिक्रमा मेला-2026




टीएनएफ टुडे, आगरा/मथुरा।

गुरु पूर्णिमा एवं गोवर्धन परिक्रमा मेला-2026 के दौरान मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा संचालित खोया-पाया केंद्र एवं हेल्प डेस्क श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सहायता केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं। मेले में तैनात स्काउट्स एवं गाइड्स के स्वयंसेवक 24 घंटे सेवा भाव से कार्य करते हुए बिछड़े हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इसी क्रम में रविवार प्रातः लगभग 2 वर्ष का एक बालक प्लेटफॉर्म पर अकेला घूमता मिला। स्काउट्स एवं गाइड्स के स्वयंसेवकों ने तत्काल बालक को सुरक्षित संरक्षण में लेकर खोया-पाया केंद्र के माध्यम से उद्घोषणा कराई। उद्घोषणा सुनकर बालक के परिजन, जो सागर (मध्य प्रदेश) से मेला दर्शन के लिए आए थे, खोया-पाया केंद्र पहुंचे। आवश्यक पहचान एवं सत्यापन के उपरांत रेलवे सुरक्षा बल की उपस्थिति में बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इसी प्रकार महेंदी, निवासी मुरादनगर, रेवाड़ी, भी मेले के दौरान अपने परिजनों से बिछड़ गई थीं। खोया-पाया केंद्र द्वारा लगातार उद्घोषणाएं कराए जाने के बाद उनके परिजन केंद्र पर पहुंचे और उन्हें सुरक्षित उनके परिवार से मिलवा दिया गया। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा मेला अवधि में संचालित खोया-पाया केंद्र एवं हेल्प डेस्क के माध्यम से यात्रियों को त्वरित सहायता, मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। वाणिज्य विभाग, रेल सुरक्षा बल तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के समन्वित प्रयासों से श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक बनाया जा रहा है।

# कैडेटों को मेडल और सार्टिफिकेट बांटे

टीएनएफ टुडे, आगरा।



टू यूपी बटालियन, एनसीसी, आगरा द्वारा संचालित सीएटीसी-07 कैम्प का सोमवार को समापन हुआ। कैम्प शारदा यूनिवर्सिटी कीठम में आयोजित किया गया था। कैम्प के समापन के समय विभिन्न गतिविधियों में विजेता कैडेटों को मेडल वितरण किया गया। साथ ही कैम्प में प्रतिभाग करने वाले सभी कैडेटों को कैम्प सार्टिफिकेट वितरण किया गया। इस दौरान कैम्प कमांडेंट उपस्थित रहें। उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान शारदा यूनिवर्सिटी कीठम आगरा के डायरेक्टर को शानदार कैम्प साइट उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कैम्प को सफल बनाने में दिन रात एक कर देने वाले सभी एएनओ, पी आई स्टॉफ, ऑफिस स्टॉफ, कुकिंग स्टॉफ आदि को धन्यवाद ज्ञापित किया। कैम्प कमांडेंट के कुशल दिशा निर्देश में यह कैम्प बहुत ही यादगार रहा क्योंकि कैडेटों को हर बारीकियों को बहुत खूबसूरत ढंग से सिखाया गया। इस दौरान कैम्प एडजुटेंट कैप्टन बीबी शर्मा, कैंप क्वार्टर मास्टर कैप्टन एसए यादव, चीफ ऑफिसर रवींद्र जैन, कैम्प ट्रेनिंग ऑफिसर सेकेंड ऑफिसर नवज्योत सिंह, कैम्प मीडिया प्रभारी सेकेंड ऑफिसर जुग्गी लाल वर्मा, कैम्प कल्चरल एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर सेकेंड ऑफिसर मनोज पंत, जीसीआई आरती राना सहित समस्त कैडेट एवं कैम्प संचालक उपस्थित रहे।

## भगवान के चित्र वाले टाइल्स हटवाए

# मधुश्री काम्पलेक्स में सीढ़ियों की दीवार पर टाइल्स पर योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष ने जताई नाराजगी



**आगरा।** बोदला कारगिल पेट्रोल पंप के सामने मधुश्री काम्पलेक्स में लगे हिंदू देवी देवताओं के टाइल्स पर लोगों द्वारा उन पर थूका जा रहा था। जिसकी सूचना हिंदूवादी नेता कुंवर अजय तोमर को मिली तो वह अपने कार्यकताओं के साथ मधुश्री काम्पलेक्स पहुंच गए और विरोध जताया। उन्होंने कहा कि तत्काल टाइल्स हटाए जाएं नहीं तो कार्यकर्ता खुद छेनी हथोड़ा लाकर तोड़फोड़ कर देंगे। विरोध के बाद मधुश्री काम्पलेक्स के कर्मचारियों ने तत्काल लेवर बुलाकर मशीन से भगवान के टाइल्स कटवाकर हटवा दिए। हिंदूवादी नेता कुंवर अजय तोमर का कहना था कि दीवार बचाने के लिए भगवान के टाइल्स का इस्तेमाल किया गया। जो गलत है। आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाशत नहीं किया जाएगा। अजय तोमर का कहना था की कहीं भी इस प्रकार की सूचना अगर फिर मिलेगी तो इसी प्रकार विरोध जताएंगे। उन्हें हटवाने का काम करेंगे ।

## परिक्रमार्थियों को प्रसाद वितरित किया, ग्वाला बाबा हिम्यूनिटी फाउंडेशन के बैनर तले भंडारा

**जगनेर (आगरा)।** गोवर्धन परिक्रमा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा के लिए नगला खमानी, भवनई रोड (जगनेर) पर एक भव्य प्रसादी भोग का आयोजन किया गया। ग्वाल बाबा हिम्यूनिटी फाउंडेशन के तत्वावधान और संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू कुमार द्विवेदी की देखरेख में हुए इस धार्मिक आयोजन में हजारों परिक्रमार्थियों ने रुककर प्रसाद का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों और फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सत्यदेव दुबे जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी ने विशेष रूप से पहुंचकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और प्रसाद वितरण में सहयोग दिया। देवेश उपाध्याय राष्ट्रीय महासचिव, ग्वाल बाबा हिम्यूनिटी फाउंडेशन, देवकीनंदन शर्मा मंडल अध्यक्ष, रामप्रकाश फौजी राष्ट्रीय प्रवक्ता, ललित उपाध्याय राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, आकाश शर्मा राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, अभिषेक कटारा जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, सह संस्थापक सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# इस्तीफा का शाश्वत सियासी संदेश

वास्तव में, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भारतीय राजनीति में तीन बड़े संदेश देता है–जवाबदेही, जनदबाव की प्रभावशीलता और शिक्षा-युवा मुद्दों की बढ़ती राजनीतिक अहमियत। लेकिन इसके दीर्घकालिक राजनीतिक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेंगे कि सरकार परीक्षा प्रणाली में कितने प्रभावी सुधार करती है और विपक्ष इस मुद्दे को कितनी देर तक राजनीतिक रूप से जीवित रख पाता है। सच कहूं तो 12 वर्षों में पहली बार केंद्र सरकार धर्मसंकट में फंसी थी, इसलिए उसने इंद्रप्रस्थ के इतिहास से सबक लेते हुए धृतराष्ट्र हठ का परित्याग किया और राष्ट्रवादी सूझबूझ प्रदर्शित किया। क्योंकि छात्र आंदोलन और जनदबाव को शांत करना, संसद और विपक्ष के साथ टकराव कम करना, शिक्षा मंत्रालय में नई शुरूआत का संदेश देना और सरकार की व्यापक राजनीतिक छवि को होने वाले नुकसान को सीमित करना, उसका तात्कालिक कर्तव्य समझा गया। जो एक हदतक सही भी है। जानकारों की मानें तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र आंदोलनों, विपक्ष के दबाव और परीक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवालों के बीच आया है। चूंकि अपने पत्र में धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट कहा कि वे छात्रों का भविष्य प्रभावित नहीं होने देना चाहते और स्थिति का दुरुपयोग न हो, इसलिए उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ा। इस अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि किसी बड़े जनदबाव के बाद मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हुआ है, तो यह अनायास नहीं है, बल्कि भाजपा की सोची, समझी व गुनी हुई राजनीति है। इससे भाजपा सहित सभी दलों और सभी सामाजिक समूहों के नेताओं के लिए कुछ स्थायी सीख निकलती है और इसे सभी को समय रहते ही समझना होगा। जहां तक इस इस्तीफे के राजनीतिक निहितार्थ और मुख्य सियासी संदेश की बात है तो वह निम्नलिखित हैं:- पहला, सरकार की डैमेज कंट्रोल रणनीतिः यदि सरकार को लगा कि विवाद पूरे शासन की छवि पर भारी पड़ रहा है, तो किसी एक मंत्री का इस्तीफा देकर व्यापक राजनीतिक नुकसान सीमित करने की कोशिश की जा सकती है। यह संसदीय और राजनीतिक दबाव कम करने की रणनीति भी हो सकती है। चूंकि जनता की अपेक्षाएँ किसी भी जातीय पहचान से बड़ी होती हैं। लिहाजा किसी नेता की जातीय पृष्ठभूमि से अधिक महत्व उसके कामकाज, जवाबदेही और परिणामों का होता है। इसलिए सरकार ने सही वक्त पर सटीक पोस्टमार्टम किया है और विभागीय कचरों तक की सफाई करवा डाली है। दूसरा, जवाबदेही का संदेशः लगातार छात्र आंदोलनों और परीक्षा विवादों के बीच एक वरिष्ठ मंत्री का इस्तीफा यह संकेत देता है कि बड़े जनदबाव की स्थिति में सरकार राजनीतिक जवाबदेही दिखाने का विकल्प चुन सकती है। क्योंकि जवाबदेही स्वीकार करना कभी-कभी राजनीतिक नुकसान कम कर सकता है। वहीं लोकतांत्रिक व्यवस्था में समय पर जिम्मेदारी लेना लंबे समय में पार्टी नेतृत्व का भरोसा बढ़ा सकता है। तीसरा, युवाओं की राजनीतिक शक्ति का संकेतः छात्र आंदोलनों ने यह साफ संदेश दिया कि रोजगार, परीक्षा और शिक्षा जैसे मुद्दे अब राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इससे भविष्य में सरकारें इन विषयों पर अधिक सतर्क रह सकती हैं। चूंकि युवा मतदाता मुद्दा-आधारित राजनीति को महत्व देते हैं। इसलिए रोजगार, शिक्षा, परीक्षा की निष्पक्षता और अवसर जैसे विषय जातीय समीकरणों से ऊपर भी राजनीतिक प्रभाव डाल सकते हैं। युवा मतदाताओं को संदेश कि सरकार जल्द परीक्षा सुधार, पारदर्शिता और दोषियों पर कार्रवाई करती है। ऐसा करके उसने राजनीतिक नुकसान कम करने की पहल की है। क्योंकि केवल इस्तीफा पर्याप्त नहीं होगा। चौथा, सरकार ने जनदबाव को स्वीकार कियाः लंबे समय बाद किसी बड़े केंद्रीय मंत्री का इस्तीफा सार्वजनिक दबाव के बाद हुआ है। इससे यह संदेश गया कि सरकार ने राजनीतिक नुकसान सीमित करने का रास्ता चुना। यदि विशेष रूप से भाजपा के ओबीसी नेताओं या सवर्ण नेताओं की बात करें, जो पार्टी की रीढ़ समझे जाते हैं, तो उन्हें यह समझाने का रणनीतिक प्रयत्न है कि किसी भी नेता को केवल अपनी सामाजिक पहचान पर नहीं, बल्कि सुशासन, संगठन क्षमता और जनविश्वास पर अपनी राजनीतिक स्वीकार्यता बनानी चाहिए। अन्यथा देर सबेर हुई सार्वजनिक लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ेगी। पांचवां, विपक्ष को मनोवैज्ञानिक बढ़तः विपक्ष इसे अपनी राजनीतिक जीत और जनदबाव की सफलता के रूप में प्रस्तुत करेगा, जबकि सत्तापक्ष इसे व्यवस्था सुधार और नैतिक जिम्मेदारी के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। वाकई यह विपक्ष के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त है, क्योंकि विपक्ष इसे अपनी जीत बताएगा और भविष्य के आंदोलनों में इसे उदाहरण के रूप में पेश करेगा। सवाल है कि क्या यह विपक्ष के सामने घुटने टेकने की शुरूआत है? तो ऐसा निष्कर्ष अभी निकालना उचित नहीं होगा, क्योंकि यह तभी कहा जा सकेगा जब सरकार भविष्य में भी हर बड़े आंदोलन पर इसी प्रकार झुके, या अन्य विवादों में भी लगातार इस्तीफे और नीतिगत बदलाव दबाव में करने पड़े। छठा, भाजपा के लिए आंतरिक संदेशः चूंकि संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। इसलिए आसन्न संकट आने पर केवल राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि प्रशासनिक समाधान भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। लिहाजा यह संकेत भी माना जा सकता है कि संगठन और सरकार, दोनों स्तरों पर प्रदर्शन और सार्वजनिक धारणा का महत्व बढ़ गया है। वस्तुतः भाजपा इसे जवाबदेही के संदेश में बदलने की कोशिश करेगी। इसलिए सरकार यह तर्क दे सकती है कि व्यक्ति नहीं, व्यवस्था सर्वोपरि है और सुधारों के लिए जवाबदेही तय की गई है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनका इस्तीफा स्वीकार जाना यह जताता है कि ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय सामान्यतः प्रधानमंत्री और भाजपा/संघ के शीर्ष नेतृत्व की सामूहिक राजनीतिक रणनीति के तहत होता है। लेकिन यह कहना कि किसी एक व्यक्ति–जैसे नितिन नवीन, अमित शाह, जे.पी. नड्डा या आरएसएस–के कहने पर ही इस्तीफा हुआ, इसका कोई सार्वजनिक प्रमाण अभी उपलब्ध नहीं है। सिर्फ कानाफूसी या अटकलों तक बातें चर्चा में है। उल्लेखनीय यह भी है कि इस्तीफे से एक दिन पहले तक कई मीडिया रिपोर्टों में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा था कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता। इससे संकेत मिलता है कि यदि निर्णय बदला, तो वह शीर्ष स्तर पर अंतिम समय में राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया होगा।

# सोनम वांगचुक का अनशन और शिक्षा सुधार का एजेंडा

> "भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार केवल सरकार पर निर्भर नहीं हो सकता; इसके लिए नवाचार, जवाबदेही और उद्यमशीलता को जोड़ना होगा। देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा जनसंख्या है, जो तभी लाभकारी बनेगी जब उसे गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा मिले। शिक्षा की गुणवत्ता विद्यालय के सरकारी या निजी होने से नहीं, बल्कि योग्य शिक्षकों, प्रभावी प्रबंधन और जवाबदेही से तय होती है।



जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक ने 24 जून को गुरुग्राम में केंद्र सरकार के दो मंत्रियों जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह से लिखित आश्वासन मिलने के बाद 26 दिन लंबा अनशन समाप्त किया। इसके बाद घटनाक्रम तेजी से बदला और लंबे समय से जारी छात्र आंदोलन ने निर्णायक मोड़ लिया। सरकार ने वादा किया कि जंतर-मंतर और संसद मार्च में शामिल छात्रों पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होगा तथा नीट प्रश्नपत्र लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा देने पर विचार किया जाएगा। साथ ही संसद में शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के कदम उठाने की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो इंस्टाग्राम वीडियो संदेशों में फास्ट-ट्रैक अदालतों और कठोर दंड वाले विधेयक का प्रारूप तैयार होने की बात कही, हालांकि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। लेकिन लगातार बैठकों और बढ़ते युवा प्रतिरोध के दबाव में अंततः 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया।

महात्मा गांधी के दृष्टिकोण में उपवास केवल राजनीतिक दबाव का साधन नहीं था, बल्कि आत्मशुद्धि, नैतिक जागरण और संवाद की प्रेरणा भी था। उन्होंने अपने आंदोलनों में कभी संवाद और समझौते के द्वार बंद नहीं किए; सप्रू और जयकर जैसे मध्यस्थों ने कई अवसरों पर समाधान का मार्ग प्रशस्त किया। इसी परंपरा में सोनम वांगचुक के अनशन और छात्र आंदोलन की समाप्ति को किसी पक्ष की हार-जीत नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सहमति और जवाबदेही की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जाना चाहिए। जंतर-मंतर से शुरू हुआ छात्र आंदोलन तेजी से कई राज्यों में फैल गया और उनकी मांगें नीट प्रश्नपत्र लीक से आगे बढ़कर पूरी शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तक पहुंच गई। छात्रों का कहना है कि केवल नए कानून पर्याप्त नहीं होंगे; संस्थागत कमजोरियों और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर ध्यान देना होगा। बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक ने उनकी मेहनत और भविष्य को असुरक्षित बना दिया है, जबकि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए छात्र सरकारी और निजी विद्यालयों के बीच बढ़ती असमानता पर चिंतित हैं। पुलिस बल प्रयोग से घायल होने के बावजूद छात्रों ने आंदोलन जारी रखा, क्योंकि उनका उद्देश्य केवल एक परीक्षा का न्याय नहीं बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार है। छात्रों ने सीबीएसई मूल्यांकन प्रणाली, सीयूईटी में देरी, परीक्षा केंद्रों की अव्यवस्था, शिकायत निवारण तंत्र की कमजोरियों को भी गंभीर समस्याएं बताया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक जवाबदेही का एक महत्वपूर्ण माध्यम चुनाव, संसदीय उत्तरदायित्व और आवश्यकता पड़ने पर मंत्रीस्तरीय दायित्व तय करना भी है। सरकार ने अंततः शिक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार कर एक कदम उठाया, हालांकि इसमें व्यक्तिगत जिम्मेदारी का स्पष्ट स्वीकार नहीं दिखता। उच्च शिक्षा विभाग में सचिव स्तर पर फेरबदल और एनटीए के संविदा कर्मियों को हटाना छात्र संगठनों के अनुसार उनकी मूल मांगों का समाधान नहीं है।

विपक्ष ने प्रधानमंत्री के संदेश को अपर्याप्त बताते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने संसद के भीतर और बाहर शिक्षा व्यवस्था पर व्यापक चर्चा का दबाव बनाया। इस घटनाक्रम से स्पष्ट है कि विपक्ष की सरकार को चौतरफा घेरने की रणनीति सफल रही। अब जब छात्र अपने घर लौट चुके हैं, संसद के सुचारू रूप से चलने और शिक्षा सुधार जैसे दीर्घकालिक विषयों पर राजनीतिक दलों के बीच व्यापक सहमति बनने की संभावना है।फिल्म जगत, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, वकीलों, मानवाधिकार संगठनों और नागरिक समाज के व्यापक समर्थन ने इस आंदोलन को छात्रों के दायरे से निकालकर शिक्षा सुधार और लोकतांत्रिक जवाबदेही का व्यापक सामाजिक अभियान बना दिया।

भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार केवल सरकार पर निर्भर नहीं हो सकता; इसके लिए नवाचार, जवाबदेही और उद्यमशीलता को जोड़ना होगा। देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा जनसंख्या है, जो तभी लाभकारी बनेगी जब उसे गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा मिले। शिक्षा की गुणवत्ता विद्यालय के सरकारी या निजी होने से नहीं, बल्कि योग्य शिक्षकों, प्रभावी प्रबंधन और जवाबदेही से तय होती है। भवन, स्मार्ट क्लास या डिजिटल उपकरण पर्याप्त नहीं हैं; असली सुधार अच्छे शिक्षण, नियमित मूल्यांकन और शिक्षकों की जिम्मेदारी से आता है। विद्यालयों से लेकर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों तक संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था में सुधार आवश्यक है, ताकि यह अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बने। अत्यधिक नियम-कानून नए शिक्षा उद्यमियों के प्रवेश में बाधा डालते हैं; इन्हें सरल और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। आज की अर्थव्यवस्था में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल और रोजगार योग्य प्रतिभा का विकास है।

परीक्षा प्रणाली में सुधार हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं का विस्तार, प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, बायोमेट्रिक सत्यापन और एआई निगरानी अपनाई जानी चाहिए। मूल्यांकन में स्वचालित ग्रेडिंग से परिणाम शीघ्र और निष्पक्ष होंगे। साथ ही, परीक्षा नियामक संस्थाओं को स्वतंत्र और जवाबदेह बनाया जाए। एनटीए की संस्थागत क्षमता, तकनीकी दक्षता और स्वतंत्रता को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, ताकि उच्च स्तरीय परीक्षाओं का संचालन विश्वसनीय ढंग से हो सके। बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं की ऑनलाइन प्रणाली इसकी सफलता का प्रमाण है।

केवल परीक्षा प्रणाली में सुधार पर्याप्त नहीं है। जब लाखों विद्यार्थी सीमित सीटों के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा में रहेंगे, तो प्रश्नपत्र लीक और अनियमितताओं का असर गंभीर बना रहेगा। इसलिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों और सीटों की संख्या बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है।

शिक्षा व्यवस्था को इस दिशा में आगे बढ़ना होगा कि किसी विद्यार्थी का भविष्य केवल एक परीक्षा पर निर्भर न रहे। इसके लिए बहु-स्तरीय मूल्यांकन, अनेक अवसर और सतत आकलन जैसी व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। भारत में प्रश्नपत्र लीक की समस्या नई नहीं है। पिछले दशक में भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में कई राज्यों तथा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी घटनाएं बार-बार हुई हैं। यह किसी एक परीक्षा या संस्था की विफलता नहीं, बल्कि परीक्षा प्रशासन की संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाता है।


नीट प्रश्नपत्र लीक से शुरू हुआ यह आंदोलन अब शिक्षा सुधार के व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले चुका है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे उस उत्पन्न दबाव का प्रत्यक्ष परिणाम यदि केवल दोषियों को दंड दिलाने तक सीमित रहता है, तो इसका प्रभाव अल्पकालिक होगा। किंतु यदि इसके परिणामस्वरूप भारत की परीक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सुरक्षित, जवाबदेह और छात्र-केंद्रित बनती है, तो यह भारतीय शिक्षा व्यवस्था के पुनर्गठन की ऐतिहासिक शुरूआत सिद्ध हो सकती है। आने वाले दिनों में सरकार द्वारा प्रस्तावित कानूनी और संस्थागत सुधार तथा संसद में होने वाली चर्चा यह तय करेगी कि यह आंदोलन केवल तत्काल संकट तक सीमित रहता है या दीर्घकालिक परिवर्तन का आधार बनता है। और यदि यह नीति छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों व शैक्षिक संगठनों के साथ व्यापक विमर्श से बने, न कि केवल विषय विशेषज्ञों के सुझावों तक सीमित रहे, तो यह सुधार और भी सार्थक होगा।

**–अरुण कुमार डनायक**

# जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति संरक्षण जरूरी

प्रकृति ईश्वर का अमूल्य उपहार है। हमारा अस्तित्व इसी प्रकृति का परिणाम है। भारतीय दर्शन, पुराण और हमारी सनातन संस्कृति में भी प्रकृति के महत्व और उसके संरक्षण का उल्लेख है। हमारी संस्कृति भी सदैव से प्रकृति की संरक्षक और उसकी पूजक रही है। हमारे धर्म ग्रंथों में वन, नदी, जल, अन्न,वनस्पतियों, पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षियों यहां तक मिट्टी तक यानी हर सजीव -निर्जीव वस्तु की न केवल प्रशंसा की गयी है,बल्कि पूजा के बहाने उसके संरक्षण का संदेश दिया है। लेकिन समझ नहीं आता कि हम प्रकृति संरक्षण से विमुख क्यों हो रहे हैं।

इस बारे में देश के ख्यात पर्यावरणविद एवं वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेन्द्र रावत ने बातचीत के दौरान बताया कि मूल रूप से प्रकृति संरक्षण का अर्थ है पारिस्थितिक तंत्र, प्रजातियों और भूदृश्यों का व्यवस्थित और जिम्मेदार प्रबंधन ताकि भावी पीढ़ियों के लिए उनका अस्तित्व और कार्य प्रणालियों को सुनिश्चित किया जा सके जो हमारा नैतिक कर्तव्य और दायित्व भी है। लेकिन दुख इस बात का है कि हम अत्याधिक उपयोगी, भौतिकवादी और शहरीकृत जीवनशैली के मोहपाश में बंधकर अपने बेलगाम निजी स्वार्थ, हित, भौतिक सुख-सुविधाओं की अंधी चाहत के चलते प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि यह सब हमारी दैनंदिन की दिनचर्या का अंग हो गया है। हम अपने जीवन में केवल वर्तमान के लाभ को दृष्टिगत प्राकृतिक संसाधनों का बेतहाशा इस्तेमाल-दोहन कर रहे हैं, जीव-जंतुओं और प्राकृतिक संतुलन के प्रति न केवल हमारे मन में सम्मान की भावना रह गयी है बल्कि उनके ह्रास में योगदान देने में भी सहभागी बन रहे हैं, और तो और कंक्रीट



के जंगलों के मोहपाश में प्रकृति से दूरी बनाने में हम गर्व का अनुभव कररहे हैं जबकि हम ये भूल जाते हैं कि यह सब हमारे जीवन के आधार हैं।

आज हमने अपने इसी लोभ और स्वार्थ के चलते जीवनदायी नदियों को प्रदूषित कर दिया है, कुछ विलुप्ति के कगार पर हैं, कुंए, बाबडी, तालाबों का अस्तित्व समाप्त प्रायः है, वन्यजीवों और प्राकृतिक संतुलन में अहम भूमिका निबाहने वाले गिद्धों की प्रजाति संकट में है, कीट-पतंगों, पक्षियों के साथ घर-आंगन में चहकने-फुदकने वाली गौरय्या के दर्शन दुर्लभ हो गये हैं, विकास के नामपर वन विनाश चरम पर है, यह हमारे जिले की ही नहीं,देश और समूची दुनिया में जारी है। दुखद यह है कि कोरोना काल से भी सरकारों ने कोई सबक नहीं सीखा है। जबकि मत्स्य पुराण में वर्णित है कि दस कुंओं के बराबर एक बाबडी, दस बावडियों के बराबर एक तालाब, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। जबकि आज के वैज्ञानिक युग में भी वृक्ष को प्रकृति संरक्षण का सबसे अहम आधार माना गया है। वेदों में भी प्रकृति ही नहीं, शरीर के तीनों दोषों यानी वात, पित्त और कफ के संतुलन एवं असंतुलन के लिए पंचतत्वों यानी अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी एवं आकाश का स्तवन किया है। हमारे पुरखे और ऋषि-मुनि ने भी प्रकृति को एक मां, एक पिता और सबसे बढ़कर एक गुरू की तरह पूजा है। यही नहीं प्रकृति ने समूची दुनिया को बेमिसाल अद्वितीय और अद्भुत रचनायें उपहार में दी हैं। इसलिए आइये इस प्रकृति संरक्षण दिवस पर अपनी परंपराओं की ओर पुनः लौटते हुए प्रकृति का वंदन - नमन करें और यह संकल्प लें कि हम प्रकृति के प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि उसके सह - अस्तित्व के अनुगामी होकर उसका संरक्षण करेंगे।

**–ज्ञानेन्द्र रावत**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 29 जुलाई 2026 बुधवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह तुला धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। बुधवार का दिन साक्षात बुद्धि के प्रदाता विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन गणेश जी को दूर्वा दल अर्पित करना तथा गणपति अथर्वशीर्ष का वाचन करना जीवन में असीम बौद्धिक क्षमता आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान गणेश जी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। गणेश चालीसा का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। गणपति जी के सम्मुख घी का दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। रिद्धि सिद्धि के दाता को मोदक अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। बेसहारा लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में हरी मूंग की दाल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। गणेश मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। विघ्नहर्ता गणेश जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। पक्षियों को अन्न खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

बुधवार के दिन घर के मुख्य हॉल में उत्तर या उत्तर पूर्व की दिशा में हरे भरे पौधों का कोई सुंदर गमला या धन को आकर्षित करने वाला यंत्र स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात गणपति जी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# ग्रीन लेन प्रोजेक्ट से खुश नहीं स्थानीय लोग, बदलाव की मांग

## यमुना पार क्षेत्र में ग्रीन लेन प्रोजेक्ट को लेकर नागरिकों ने एमवीडीए अधिकारियों के सामने दर्ज कराई आपत्ति

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा यमुना पार क्षेत्र में बनाए जा रहे ग्रीन लेन प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों की चिंताएं बढ़ गई हैं। सोमवार को यमुना पार क्षेत्र के सैकड़ों लोग डैंपियर नगर स्थित मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे और एमवीडीए सचिव को ज्ञापन सौंपकर ग्रीन लेन की डिजाइन में बदलाव की मांग की।

स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि वर्तमान डिजाइन के अनुसार ग्रीन लेन के लिए बनाई जा रही कर्ब सड़क से करीब एक फीट से अधिक ऊंची बनाई जा रही है और इसे सड़क के बिल्कुल किनारे बनाया जा रहा है। इससे सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम हो रही है, जिसके कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होगी और व्यस्त समय में जाम की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। लोगों का कहना है कि ऊंची कर्ब के कारण स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और ग्राहकों को सड़क पार करने के साथ-साथ दुकानों और प्रतिष्ठानों तक पहुंचने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उनका मानना है कि यदि वर्तमान डिजाइन में बदलाव नहीं किया गया तो भविष्य में आम जनता को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि ग्रीन लेन की डिजाइन का पुनर्मूल्यांकन किया जाए और निर्माण शैली में आवश्यक संशोधन किए जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि जब तक जनहित के अनुरूप आवश्यक बदलाव नहीं किए जाते, तब तक निर्माण कार्य पर रोक लगाकर पूरे मामले पर पुनर्विचार किया जाए। ज्ञापन देने पहुंचे व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ग्रीन लेन परियोजना में आवश्यक सुधार करेगा, ताकि विकास कार्यों के साथ-साथ आम लोगों की सुविधा भी प्रभावित न हो।

# रविदास जी ने दिया समानता, भाईचारा और स्वच्छता का संदेश

- रविदास की 650वीं जयंती पर भाजपा की समरसता संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




भारतीय जनता पार्टी, मथुरा महानगर द्वारा समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा कि संत रविदास जी ने समानता, भाईचारा और स्वच्छता का संदेश दिया।

"मन चंगा तो कठौती में गंगा" उनका मूल मंत्र था। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि रविदास जी ने "ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट बड़ो सब सम बसे" का सपना देखा था। आज केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से उस सपने को साकार किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक आकाश चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी इस अभियान को 5 भागों में चलाएगी। मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत दीप प्रज्वलन, कलश यात्रा, समरसता यात्रा, गुरुजनों का स्वागत कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे। जिले के सभी मंडलों में संत रविदास जयंती मनाई जाएगी।

बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश ज्ञानेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, जिला महामंत्री सतपाल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनीषा पाराशर, ब्लॉक प्रमुख अनिल ठाकुर, विक्रम भानु जी, संजय दीक्षित जी, अजय जाटव, सुरेश तरकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दूसरी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने संत गुरु रविदास महाराज के जीवन, दर्शन एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला।

भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि समरसता संकल्प अभियान के सफल संचालन के लिए विभिन्न अभियानों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। अभियान के जिला संयोजक ललित गौतम तथा सहसंयोजक दीपक गोला एवं अंकुर गुर्जर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्री गुरु रविदास महाराज समरसता दीप अभियान का दायित्व जिला मंत्री दीपक गोला, कलश वंदन अभियान की जिम्मेदारी जिला मंत्री पूजा चौधरी, संत संपर्क अभियान का दायित्व जिला मंत्री अंकुर गुर्जर, समरसता यात्रा अभियान की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष ललित गौतम तथा युवा छात्रावास संपर्क अभियान का दायित्व मनोज ठाकुर सौनोठ को सौंपा गया है। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया महानगर के सभी 12 मंडलों के मंदिर चिन्हित कर 29 जुलाई को दीपोत्सव मनाया जाएगा।

# वेद व्यास के बिना आध्यात्मिक गुरुओं का कोई अस्तित्व नहीं

## ध्यात्म भूषण की उपाधि से अलंकृत हुए ब्रजमंडल के 11 धर्म गुरु



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति विद्वत समाज ब्रजमंडल के तत्वावधान में सनातन संस्कृति के सूत्रधार आदिगुरु महर्षि वेद व्यास का प्रादुर्भाव समारोह परंपरागत रूप से आयोजित हुआ। समिति संस्थापक पंडित अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सर्वप्रथम गणेश, नवग्रह, पंचोमकार, षोडश मातृका पूजन के उपरांत आदि गुरु वेद व्यासजी का चरणाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य कर उपस्थित विद्वानों ने पूजन अर्चन कर आरती की।

समिति संस्थापक भारद्वाज, अध्यक्ष पं. शशांक पाठक, स्मारक समिति प्रमुख योगेश आवा ने संयुक्त रूप से मंगल दीप प्रज्ज्वलन कर व्यासजी के जीवन दर्शन पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ किया। गोष्ठी में आचार्य राजू भैया ने कहा कि आध्यात्मिक गुरुओं का अस्तित्व महर्षि वेदव्यास जी से है। आचार्य लालजीभाई शास्त्री ने कहा कि आधुनिक चकाचौंध व स्वयं के महिमामंडन में कुछ आध्यात्मिक गुरुओं ने व्यासजी को बिसरा दिया है। आचार्य पूर्ण प्रकाश कौशिक ने कहा कि वायु पुराण, वराह पुराण व स्कंद पुराण में व्यास जी की इस पौराणिक स्थली का उल्लेख मिलता है।

वक्ताओं द्वारा इस पौराणिक स्थान व व्यासजी के दर्शन व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समिति द्वारा ब्रजमंडल के 11 धर्मगुरुओं को अध्यात्म भूषण की उपाधि से अलंकृत किया। इस अवसर पर आचार्य रमाकांत गोस्वामी, पंडित घनश्याम हरियाणा, आचार्य नंदकिशोर, हरिशंकर शास्त्री, मनोज मिश्र, यज्ञदत्त शास्त्री, आलोक चतुर्वेदी बैंकर, विनोद गौड़, मुरारीलाल उपाध्याय, रमेश चंद्र गौड़, नरेश शर्मा बब्बू, राधारमण शास्त्री देवकीनंदन महाराज, वैष्णवाचार्य धीरज बावरा, आचार्य नीरज पाराशर, आचार्य भुवनेश मिश्र, आचार्य राजू भइया, अमर राजेश पाठक गोविंद शर्मा, गिरधारी लाल मुखिया, अनंत मुखिया, सहित नन्दगाँव, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, वृन्दावन के विद्वानों व धमार्चार्यों ने सहभागिता की।




# सीएचसी में शिशु की मौत पर परिजनों का हंगामा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मांट।

कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक नवजात शिशु की मौत के बाद सोमवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

रविवार शाम गांव नंद नगरिया निवासी भूदेवी पत्नी रिंकू को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी मांट में भर्ती कराया गया था। रात लगभग 9:00 बजे उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया।परिजनों का आरोप है कि जन्म के समय बच्चा पूरी तरह स्वस्थ था। हालांकि, जन्म के कुछ ही देर बाद स्वास्थ्य कर्मियों की कथित लापरवाही के कारण नवजात की मौत हो गई।यह खबर गांव नंद नगरिया में फैलते ही सोमवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण सीएचसी मांट पहुंच गए और अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया ।

इस पूरे मामले पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. जितेश तिवारी ने परिजनों के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि इलाज या प्रसव में स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से कोई लापरवाही नहीं बरती गई।डॉ. तिवारी के अनुसार, महिला का प्रसव होने पर बच्चा मृत पैदा हुआ था। परिजनों को स्थिति स्पष्ट कर दी गई थी, लेकिन वे अनावश्यक रूप से स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर रहे हैं।

# गुरुवार को निकलेगी मुड़िया संतों की शोभायात्रा, शिष्यों ने कराया मुंडन

- सदियों से चली आ रही परंपरा का हो रहा निर्वहन
- जिला प्रशासन ने यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोवर्धन में निकलने वाली पारंपरिक मुड़िया शोभायात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शोभायात्रा से एक दिन पहले गौड़ीय संप्रदाय के संतों ने सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए मुंडन संस्कार कराया और गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण किया। प्रतिवर्ष लगने वाले इस मेला में अपार श्रद्धा और उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन ने व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए अपनी सारी ताकत झोंक दी है।

गोवर्धन में सन 1558 से गुरू पूर्णिमा का पर्व मुंडन के साथ परिक्रमा देने के साथ मनाया जाता रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में निकलने वाली पारंपरिक मुड़िया शोभायात्रा का विशेष धार्मिक महत्व है। शोभायात्रा से पहले सोमवार को बड़ी संख्या में मुड़िया संतों ने विधि-विधान के साथ मुंडन संस्कार कराया। परंपरानुसार इसे गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार मुंडन केवल बाल त्यागने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अहंकार, बुराइयों और सांसारिक मोह का त्याग कर गुरु की शरण में जाने का संदेश भी देता है। संत इस परंपरा का पालन कर यह संदेश देते हैं कि आध्यात्मिक जीवन में विनम्रता और समर्पण का विशेष महत्व है।

गुरुवार सुबह करीब 9 बजे यह भव्य मुड़िया शोभायात्रा गोवर्धन के राधाश्याम सुंदर चकलेश्वर मंदिर से विधिवत प्रारंभ होगी। यात्रा चकलेश्वर मंदिर से निकलकर दसविसा, दानघाटी और बड़ा बाजार मार्ग से होते हुए पुनः चकलेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा में बड़ी संख्या में संत, महात्मा, साधु समाज और देशभर से आए श्रद्धालु शामिल होंगे।

वहीं प्रशासन ने भी इस विशाल आयोजन को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए डायवर्जन प्लान भी लागू किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। हर वर्ष की तरह इस बार भी लाखों श्रद्धालु इस पावन आयोजन के साक्षी बनने के लिए गोवर्धन पहुंच रहे हैं।

# 250 प्रशिक्षणार्थियों ने सीखे नेतृत्व और सेवा के गुर

- वृंदावन में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

रामकली देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, केशव धाम, वृंदावन में 22 से 24 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को सफल समापन हो गया। शिविर में 100 स्काउट एवं 150 गाइड सहित कुल 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अनुशासन, सेवा, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ। प्रथम दिवस पर प्रशिक्षणार्थियों को स्काउट-गाइड आंदोलन का इतिहास, उद्देश्य, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत तथा संगठन की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। दूसरे दिन ध्वज शिष्टाचार, नियम, अनुशासन, टीम भावना और विभिन्न स्काउट-गाइड गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मुख्य आयुक्त डॉ. कमल कौशिक ने सभी 250 प्रशिक्षार्थियों को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला सचिव जोगेन्द्र, जिला अध्यक्ष निखिल जैन, डीटीसी मथुरा अशोक सोलंकी, ट्रेनर मनीषा जैन, दयाशंकर, सुशील पचौरी, दीपिका पचौरी, रचना सिंह, शिवओम दीक्षित, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमरनाथ गोस्वामी, उपाध्यक्ष पिंकी डालमिया, सुरभि अग्रवाल, प्राचार्य गणेशदत्त शर्मा, प्रधानाचार्या निधि तिवारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मथुरा में हुआ विधायक राजेश चौधरी का अभिनंदन

## मसानी लिंक रोड पर उमड़ा कार्यकर्ताओं व उद्योगपतियों का जनसैलाब

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री और माँट विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश चौधरी का रविवार को मथुरा आगमन पर ऐतिहासिक नागरिक व संगठनात्मक अभिनंदन किया गया। भाजपा महानगर एवं जिला इकाई द्वारा मसानी लिंक रोड स्थित ओम पैराडाइज में आयोजित 'आशीर्वाद एवं अभिनंदन' समारोह में कार्यकर्ताओं, शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों और आम जनता का जबरदस्त जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता देखने लायक रही।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन ने एक सच्चे और समर्पित कार्यकर्ता की पहचान कर उसे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा, राजेश चौधरी का प्रदेश महामंत्री बनना उनके वर्षों के संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण और पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतिफल है।

हमें पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भाजपा नई ऊंचाइयों को छुएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष व विधायक श्याम सिंह अहेरिया तथा भाजपा ब्रज क्षेत्र महामंत्री नागेन्द्र सिकरवार पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजेश चौधरी को प्रदेश संगठन में स्थान मिलना केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रज क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव की बात है। पूर्व जिलाध्यक्ष पदम सिंह शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य समारोह में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पन्ना लाल गौतम, राजकुमार अग्रवाल, घनश्याम सिंह लोधी, निरंजन सिंह धनगर, राकेश चतुर्वेदी 'गुरुजी', भाजपा महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र राणा, विनीत शर्मा, ललित गौतम, जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, दीपक गोला, अंकुर गुर्जर, कल्पना गर्ग सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष मुकेश वार्ष्णेय ने किया। अंत में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव एवं निर्भय पांडे ने सभी मंचासीन अतिथियों, कार्यकताओं और नगर वासियों का आभार व्यक्त किया।

# नव निर्वाचित छात्र परिषद की पदाधिकारियों को दिया आशीर्वाद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

वात्सल्य ग्राम स्थित संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल के प्रांगण में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। पद्म भूषण विभूषि साध्वी ऋतम्भरा ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। दीदी मां ने अपने आशीर्वाचनो में नव निर्वाचित छात्र परिषद की पदाधिकारी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए बताया कि किस प्रकार स्वयं अनुशासित होकर अपने मन को संयम व अंकुश में रहकर अपने लक्ष्य को पूरा करना व नेतृत्व के गुणों को जागृत करना । भाषा को विनम्र भाव से संबोधित करें। ध्रुव और लव कुश जैसे आत्मविश्वासी बालक बनें। ऐसे बनें कि भारत में नीति की नैतिकता को तोड़ने से मुक्ति मिले। दीदी मां ने नव निर्वाचित सदस्य छात्राओं को बैज लगा कर दायित्व ध्वज सौंपा। कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन संजय भइया, विद्यालय निदेशका सुमन लता, परम शक्ति पीठ कोषाध्यक्ष अशोक सरीन, उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह, पूर्व डीआईजी एचके शर्मा, सत्यशील उपस्थित रहे। अंत हेड गर्ल साक्षी वर्मा ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। संचालन प्रीति सैनी ने किया।

# माथुर चतुर्वेदी परिषद की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्री माथुर चतुर्वेद परिषद की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक चतुर्वेदी समाजवाडी पर संपन्न हुई। बैठक में परिषद के अध्यक्ष राजन पाठक ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि वे माथुर चतुर्वेद परिषद को पूर्ण रूप से डिजिटल करेंगे, युवाओं को इससे जोड़ेंगे और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के साथ तन, मन और धन से खड़े रहेंगे। सभा के मुख्य अतिथि एवं परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने कहा कि युवाओं की माँग पर ही उन्होंने अध्यक्ष का चुनाव, चयन किया है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा, मुझे पूरी अपेक्षा है कि आज समाज को जिन चीजों की आवश्यकता है, वे उन सभी को पूरा करेंगेइससे पूर्व अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे, जिनमें अरविंद चतुर्वेदी (मुंबई शाखा), डॉ. विनोदम चतुर्वेदी (अध्यक्ष मुंबई डेरा), दुबई शाखा उपाध्यक्ष शरद चतुर्वेदी, संरक्षक गिरधारी लाल पाठक, नवीन नागर राकेश तिवारी (एडवोकेट) शामिल रहे। मीटिंग में योगेंद्र चतुर्वेदी, कमल चतुर्वेदी, नीरज चतुर्वेदी, अनिल चतुर्वेदी (पमपम), श्याम मोनू चतुर्वेदी, आशीष चतुर्वेदी,दिलीप चतुर्वेदी, नवनीत चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी (नगर निगम), योगेश चतुर्वेदी (बल्लू), बैजनाथ चतुर्वेदी (रामलीला वाले), माखनलाल चतुर्वेदी, पंडित मथुरानाथ व्यास,रवि देव, अशोक धीरज लाल पाठक, दीपक बैंकर, मोहित चतुर्वेदी, आदित्य, और कपिल बैजनाथ चतुर्वेदी, पुनीत चतुर्वेदी, सौरभ पंडित, गोपाल चतुर्वेदी पत्रकार यज्ञदत्त चतुर्वेदी, आने सरदार, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभा का कुशल संचालन परिषद के महामंत्री संजय चतुर्वेदी एल्पाइन ने किया।

# इस्कॉन ने लिया एक लाख श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित का लक्ष्य

- राधा कुंड के गौरधाम विद्यालय परिसर में सेवा शिविर का लाभ ले रहे श्रद्धालु
- परिक्रमार्थियों को वितरित की जा रही हैं श्रीमद्भागवत गीता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गोवर्धन।

राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला में श्रीकृष्ण बलराम मंदिर इस्कॉन वृंदावन एवं मंगलायतन यूनिवर्सटी के संयुक्त तत्वावधान लगाए सेवा शिविर में परिक्रमार्थी श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की जा रही है। इस्कॉन संस्था की ओर से एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाने का लक्ष्य तय किया है। सोमवार को गौरधाम विद्यालय परिसर में श्रीकृष्ण-बलराम ठाकुर जी का श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए गए। सैकड़ों की संख्या में इस्कॉन भक्त परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करने आए हैं। इस्कॉन के विष्णुनाम दास ने बताया कि इसी उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो एक-ड़ जगह में पांडाल लगाया है। इस्कॉन के अनुयायी राखल राजा ने बताया कि श्रद्धालुओं के प्रसादी वितरण के साथ विश्राम करने की व्यवस्था की गई है। तीर्थेश्वरी राधिका दासी ने बताया कि गिरिराज ठाकुर के सभी भक्तों को सेवा करने का अवसर मिला हैइस्कॉन की ओर से मुड़िया मेला में आने वाले देशी व विदेशी भक्तों को श्रीमद्भागवत गीता निःशुल्क वितरित की जा रही है। इस अवसर पर राखल राजा, गौर भगवान दास, संजू लता देवी, विश्वजीत शाह, विष्णु नाम दास, रजत कृष्ण, जयतीर्थ दास, तीर्थेश्वरी राधिका, रीना मिश्रा आदि थे।

# तहसील स्तरीय खेल प्रोत्साहन समितियों का तत्काल किया जाये गठन, खेल प्रोत्साहन समिति से स्टेडियम में रखे जाएं बॉलीवाल कोच और जिम ट्रेनर: डीएम

**जिला खेल संघों, उद्यमियों के सहयोग से विभिन्न अवसरों पर खेल प्रतियोगिताएं करायी जायें आयोजित- डॉ. त्रिपाठी**

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल देते हुए जिला खेल प्रोत्साहन समिति की आर्थिक स्थिति सुधार करने हेतु अपनी ओर से रू. 5100 उपलब्ध कराने की घोषणा करते हुए जिले के व्यापारियों, उद्यमियों, विद्यालय, ईंट भट्टा, कोल्ड स्टोर, आबकारी दुकान संचालकों से कहा कि वह भी खेल प्रोत्साहन समिति का सहयोग करें, खेल समिति के बैंक अकाउंट अथवा क्यू.आर. कोड के माध्यम से सहयोग धनराशि उपलब्ध करायें ताकि प्रतिभावान बच्चों को खेल किट, जूते आदि उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा को निखारने में सहयोग मिल सके। उन्होंने खेल संघ के पदाधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी से कहा कि सक्रिय रहकर नियमित रूप से विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने में योगदान दें, प्रतिमाह कोई न कोई खेल प्रतियोगिता आयोजित करायी जाये, स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों के लिए सभी मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध रहें, जनपद स्तर पर विभिन्न अवसरों पर खेल महाकुंभ, खेल उत्सव जैसे भव्य आयोजन कराये जाए, विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल विभाग तथा जिला खेल संघों के सहयोग से कराया जाए ताकि जनपद के बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के अवसर मिले और वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

श्री त्रिपाठी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की प्रत्येक तहसील पर अगले 01 माह में प्रत्येक दशा में तहसील स्तरीय खेल प्रोत्साहन समिति का गठन कर उपलब्ध तहसील खेल समिति की धनराशि रु. 14 लाख 40 हजार को उनके खातों में हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें ताकि तहसील स्तर पर भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन नियमित रूप से कराया जा सके साथ ही जनपद स्तर की समिति में उपलब्ध रू. 31 लाख 80 हजार से खेलों को बढ़ावा देने एवं स्टेडियम में मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर नियमानुसार व्यय किया जाए। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि जनपद के अनुज्ञापियों से खेल प्रोत्साहन समिति में सहयोग कराने में योगदान दें, जिला उद्यान अधिकारी कोल्ड स्टोर संचालकों, खनन निरीक्षक ईंट भट्ठा संचालकों, उपायुक्त उद्योग व्यापारियों, उद्यमियों से सहयोग करायें। उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी से कहा कि जनपद में जो भी जिम, स्विमिंग पूल संचालित है, उनसे नियमानुसार धनराशि जमा करायें, सभी स्विमिंग पूल, जिम संचालकों से मानकों का पालन सुनिश्चित करायें, मानकों का पालन न करने वाले स्विमिंग पूल संचालकों को नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्विमिंग पूल को स्पोर्ट्स पर्सन के लिए कम से कम 08 माह तक संचालित किया जाए कभी-कभी स्विमिंग करने वालों हेतु स्विमिंग पूल का संचालन 03 माह के लिए किया जाए।

जिलाधिकारी ने जिले की राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी काजल मिश्रा को समिति के पदाधिकारी की सहमति से माह जून से उसकी नियुक्ति होने तक प्रतिमाह रू. 25 हजार की धनराशि आर्थिक सहायता, खेल प्रगति हेतु उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की साथ ही उन्होंने वॉलीबॉल खेल हेतु पंजीकृत 45 बालक-बालिकाओं को प्रशिक्षित करने हेतु डिप्लोमा प्राप्त, राष्ट्रीय खिलाड़ी अश्विनी यादव को प्रशिक्षक के रूप में निदेशालय स्तर से नियुक्ति न होने तक तैनात करने की स्वीकृति भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जनपद के पं. जवाहरलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जल्द ही स्टेडियम में सोलर लाइटों की स्थापना कराई जाएगी साथ ही खेल प्रोत्साहन समिति में उपलब्ध धनराशि से 04 नग फ्लड लाइट भी स्थापित होगीं, जल निकासी के उचित प्रबंध के साथ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना भी कराई जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने भी जिलाधिकारी की पहल पर रू. 5100 खेल प्रोत्साहन समिति को उपलब्ध कराये जाने की सहमति दी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अशोक सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश बघेल, जिला आबकारी अधिकारी हितेन्द्र शेखर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रंजना शुक्ला, खेल एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रदीप चौहान, राघवेन्द्र दुबे, महेश मिश्रा, जिला व्यायाम शिक्षक राकेश कुमार सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला क्रीड़ा अधिकारी साधना सिंह ने किया।

# करहल को मिली विकास की सौगात, भाजपा समर्थकों ने जताया मुख्यमंत्री योगी का आभार



राज कुमार शाक्य | सचिन वर्मा छोटू | रामहेत सिंह चौहान | संजीव कश्यप | विमल पांडेय | अनूप यादव

ऋषीकान्त दुबे

**करहल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मैनपुरी एवं करहल विधानसभा क्षेत्र के लिए करीब ?682 करोड़ की 111 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के बाद भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल है। समर्थकों का कहना है कि इन परियोजनाओं से करहल में सड़क, पेयजल, आधारभूत सुविधाओं और जनकल्याण योजनाओं को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी लाभ वितरित किए।

करहल के पूर्व चैयरमैन प्रत्याशी व भाजपा नेता सचिन वर्मा छोटू ने कहा, "करहल को लंबे समय बाद इतनी बड़ी विकास योजनाओं की सौगात मिली है। इससे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।"

साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष अनूप यादव ने कहा, "डबल इंजन सरकार ने विकास को प्राथमिकता दी है। जिन कार्यों की वर्षों से मांग थी, उन्हें अब धरातल पर उतारा जा रहा है।

भाजपा के करहल मंडल उपाध्यक्ष संजीव कश्यप का कहना है, "सड़क, पेयजल और अन्य विकास परियोजनाओं से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने करहल के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।"

भाजपा के करहल मंडल के महामंत्री राज कुमार शाक्य ने कहा, "सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचा रही है। इससे महिलाओं और गरीब परिवारों को भी फायदा होगा।"

विनायकपुर के प्रधान रामहेत सिंह चौहान ने कहा की "करहल में विकास की नई शुरूआत हुई है। युवाओं को बेहतर अवसर और बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी, जिससे क्षेत्र आगे बढ़ेगा।"

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता विमल कुमार पांडेय ने कहा "मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह साबित किया है कि सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। करहल को मिली यह सौगात आने वाले समय में क्षेत्र की पहचान बदलने का काम करेगी।"

भाजपा समर्थकों का मानना है कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाएं करहल के साथ पूरे मैनपुरी जिले के लिए लाभकारी साबित होंगी और क्षेत्र में विकास की नई गति देखने को मिलेगी।

# सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे का आरोप, एक दर्जन किसानों ने एसडीएम से कार्रवाई की लगाई गुहार



टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

करहल तहसील क्षेत्र के ग्राम तोरिका, ग्राम पंचायत बुरामई के किसानों ने सार्वजनिक चकमार्ग पर कथित कब्जा कर रास्ता बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को शिकायती पत्र सौंपकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम तोरिका में चकमार्ग से आवागंगा नदी तक जाने वाले सार्वजनिक रास्ते पर पिछले वर्ष मनरेगा के तहत मिट्टी डलवाई गई थी। आरोप है कि 25 जुलाई 2026 की शाम करीब सात बजे कुछ लोगों ने ट्रैक्टर और अन्य साधनों के साथ पहुंचकर लाठी-डंडों एवं अवैध हथियारों के बल पर चकमार्ग को जोतकर अपने खेत में मिला लिया। इससे किसानों और ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया।

पीड़ित किसानों का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और उस समय अवैध कार्य रुकवा दिया, लेकिन बाद में आरोपितों ने दोबारा रास्ता बंद कर दिया। ग्रामीणों द्वारा समझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन आरोप है कि किसी ने उनकी बात नहीं मानी।

शिकायतकताओं ने एसडीएम से मांग की है कि क्षेत्रीय लेखपाल से मौके की जांच कराई जाए तथा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और चकमार्ग पर कब्जा करने के मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

किसानों का कहना है कि रास्ता बंद होने से खेतों तक आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब ग्रामीणों को प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।

इस मौके पर जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, विकास, राहुल, कृष्ण गोपाल, राजकुमार, वीरेंद्र कुमार, सौरभ, अरविंद, अनिल, सचिन, राकेश, वीरेंद्र, दिवान सिंह, रविन्द्र कुमार समेत आदि तमामं लोग मौजूद रहे।

# संत रविदास जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में गुरु रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती पर आयोजित होने वाले समरसता संकल्प अभियान की आगरा महानगर कार्यशाला लोहामंडी रोड स्थित जैन स्मृति भवन पर आयोजित हुई। इसमें छावनी विधानसभा से विधायक डॉक्टर जीएस धर्मेश एवं भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कार्यकताओं को संबोधित किया।

कार्यशाला का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, विधायक डॉक्टर जीएस धर्मेश, राहुल सागर, अनीता खरे, बॉबी लाले, अनिल सारस्वत आदि ने किया।

मुख्य अतिथि भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशन में पूरे भारत में 8 महीने तक संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की 650 वी जन्म जयंती के अवसर पर हर मंडल के 5 मंदिरों में पूजा अर्चना और दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# महिलाओं के आत्म सम्मान के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार ने कई योजनाएं की शुरू: रेनू गौड़

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड ने ट्रांजिस्ट हॉस्टल में महिलाओं की समस्याओं को सुनने के उपरांत पीड़ित महिलाओं से कहा कि अपने अधिकारों को समझें, महिलाओं के आत्म-सम्मान, स्वावलाम्बन, आर्थिक रूप से सुदृण बनाने के लिए केन्द्र-प्रदेश सरकार ने तमाम योजनाएं संचालित की हैं, संचालित योजनाओं की जानकारी कर उनका लाभ लें, जन्म से लेकर बेटी के विवाह तक सारी जिम्मेदारियां प्रदेश सरकार ने अपने कंधों पर ली है, महिलाओं, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी से लेकर उच्च शिक्षा तक समय-समय पर धनराशि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी के वयस्क होने पर उसकी शादी शान-ओ-शौकत के साथ सरकारी खर्चे पर जन-प्रतिनिधियों, उच्चधिकारियों की उपस्थिति में कराने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू कीं, बालिकाओं के स्नातक स्तर की शिक्षा के साथ महिला, बालिका की सुरक्षा के बेहतर प्रबंध किए, किसी भी स्तर से पीड़ित महिला अपनी बात पुलिस को निःसंकोच कह सके इसके लिए प्रत्येक थाने में महिला हेल्प-डेस्क की स्थापना कर उस पर महिला पुलिसकर्मियों की ही तैनाती की गई।

उन्होंने जन-सुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आयीं महिलाओं से कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा किसी महिला का शोषण किया जाये तो महिला संकोच न करे बल्कि तत्काल अपनी शिकायत थाने पर जाकर दर्ज करायें, पीड़ित महिला को तत्काल राहत मिलेगी, महिलाओं का उत्पीड़न करने वाले, महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि पीडित महिलाओं की समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर महिला जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

आज जन-सुनवाई दौरान सोतियाना नि. सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका इन्दिरा ने विपक्षियों द्वारा गाली-गलौच करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने, ग्राम बैजनाथपुर नि. पूजा ने ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दजेह की मॉग करने तथा दहेज की रकम अदा न करने पर घर से निकाले जाने की धमकी देने की शिकायत अपने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिस पर उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को पृष्ठाकिंत कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित करते हुये कहा कि महिलाओं को उनका हक प्रत्येक दशा में मिले।

महिला जन-सुनवाई के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा, प्रभारी थानाध्यक्ष महिला हेमलता सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी चन्द्रभान सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी अल्का मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# करहल में छुट्टी पर आए बीएसएफ जवान ने पत्नी की हत्या की, बेटे के खुलासे पर खुला राज

**घरेलू विवाद के बाद वारदात को दिया अंजाम, पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर शुरू की जांच**

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।



थाना करहल क्षेत्र के ग्राम नगला देवजीत में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब छुट्टी पर घर आए बीएसएफ जवान पर अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप लगा। मृतका की पहचान नीतू के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि बीएसएफ जवान संजेश छुट्टी पर अपने घर आया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद इतना बढ़ गया कि संजेश ने पत्नी नीतू की हत्या कर दी। वारदात के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

मामले का खुलासा तब हुआ जब दंपति के बेटे ने घटना के संबंध में जानकारी दी। बेटे के बताए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी बीएसएफ जवान संजेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घरेलू विवाद प्रथम दृष्टया घटना का कारण प्रतीत हो रहा है, हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# संतुलित आहार के प्रति किया जागरूकता

**आगरा।** गणेश राम नगर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से 'स्वस्थ एवं सजावटी भोजन गतिविधि' का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 7-सी की छात्राओं ने पूरे उत्साह, आनंद, रचनात्मकता एवं एकाग्रता के साथ सहभागिता की। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पौष्टिक खाद्य पदार्थों, जैसे फल, सलाद, अंकुरित अनाज, सूखे मेवे तथा अन्य स्वास्थ्यवर्धक सामग्री का उपयोग कर आकर्षक एवं कलात्मक सजावट प्रस्तुत की। प्रत्येक प्रस्तुति में स्वाद के साथ-साथ पोषण, स्वच्छता और संतुलित आहार का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ भोजन न केवल शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि अच्छे स्वास्थ्य, बेहतर जीवनशैली और सकारात्मक सोच का भी आधार है। इस आयोजन ने छात्राओं की रचनात्मक क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास, सहयोग एवं प्रस्तुतीकरण कौशल को भी प्रोत्साहित किया।

# आगरा क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसियेशन मनाएगा स्थापना वर्ष

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसियेशन (एक्मा) के स्वर्णिम स्थापना वर्ष समारोह के अंतर्गत आगामी 3 अगस्त को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र का सोमवार को विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने समारोह की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि संस्था अपने गौरवपूर्ण 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस ऐतिहासिक आयोजन को विशेष रूप से मनाने जा रही है।

एसोसियेशन के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल ने बताया कि आगरा क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसियेशन पिछले पांच दशकों से कपड़ा व्यापारियों के हितों की रक्षा, व्यापारिक समस्याओं के समाधान, सामाजिक सरोकारों एवं व्यापारी एकता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था ने समय-समय पर व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया है तथा व्यापारिक वातावरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महामंत्री संजय अग्रवाल ने बताया कि 3 अगस्त, सोमवार को सायं 5 बजे से अग्रवन (भूतल), वाटर वर्क्स चौराहा में आयोजित होने वाले इस समारोह में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री एवं आगरा दक्षिण के विधायक योगेन्द्र उपाध्याय मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में महापौर हेमलता दिवाकर, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राकेश गर्ग, आगरा उत्तर के विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल तथा विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कोषाध्यक्ष ताराचंद अग्रवाल ने कहा कि 50 वर्ष की यह स्वर्णिम यात्रा संस्था के सभी सदस्यों, पूर्व पदाधिकारियों एवं व्यापारी समाज के सहयोग का परिणाम है। स्वर्णिम स्थापना वर्ष समारोह संस्था के गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों और भविष्य की नई दिशा का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में 50 वर्ष के स्वर्णिम यात्रा की स्मारिका सुवर्णिका का विमोचन भी किया जाएगा।

मंत्री राजीव गुप्ता ने बताया कि समारोह के दौरान संस्थापक अशोक गोयल सहित वरिष्ठ सदस्यों एवं कपड़ा व्यापार से जुड़े उन प्रतिष्ठित व्यापारियों का विशेष सम्मान किया जाएगा, जिनके समर्पण, मार्गदर्शन और सहयोग से आगरा क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसियेशन निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रही है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर अग्रवाल, उपाध्यक्ष माधव प्रसाद अग्रवाल,मंत्री विष्णु जैन आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं ने स्वरोजगार में आजमाए हाथ

**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में प्रभावी सिद्ध हो रही है। जनपद आगरा में योजना के माध्यम से अनेक युवाओं ने अपना स्वयं का उद्यम स्थापित कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इसी क्रम में दो युवा उद्यमियों की सफलता की कहानी अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है। कमला नगर निवासी रोहित कुमार ने बताया कि बेरोजगारी के दौरान स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए उन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता थी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिलने पर उन्होंने जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, आगरा से संपर्क किया।

# फिर खुलेंगी 100 गौवंश क्षमतावाली गौशाला

**कैंप कार्यालय में हुई मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक**

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को डीबीटी द्वारा समय से भुगतान कराए जाने की समीक्षा की गई। जिसमें बताया गया कि 2840 गौवंश सुपुर्दगी में दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री निराश्रित/ बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को डीबीटी द्वारा भुगतान करने की प्रक्रिया के द्वितीय चरण में सुपुर्दगी में दिये गये गोवंश का प्रत्येक माह की 20-22 तारीख के मध्य सत्यापन ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत अधिकारी एवं लेखपाल के द्वारा किया जायेगा एवं फण्ड रिक्वेस्ट व सत्यापन रिपोर्ट संयुक्त हस्ताक्षर से सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित सत्यापन रिपोर्ट प्रत्येक माह की 23 तारीख तक मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रेषित की जाये। उक्त के पश्चात 25 तारीख तक मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त प्रतिहस्ताक्षरित रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से निदेशक, पशुपालन विभाग, उ०प्र० लखनऊ को प्रेषित की जायेगी। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर गोवंशों के भरण-पोषण हेतु धनराशि सहभागिता योजना के लाभार्थियों को प्रत्येक माह की 05 तारीख तक डीबीटी के माध्यम से अनुमन्य धनराशि का हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा की स्थिति में किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी / कर्मचारी की व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि 100 गौवंश क्षमतावाली ऐसी गौशाला जिनको बंद किया गया है, अगस्त माह के अंत तक उनमें आवश्यकतानुसार कार्य कराकर पुनः क्रियाशील कराये जाने पर विचार किया गया।

# पात्रों तक सरकार की प्रत्येक योजना का पहुंचाया जाए लाभ



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- जिला योजना समिति की बैठक में योजनाओं के क्रियान्वन हुई समीक्षा
- जिले के प्रभारी मंत्री ने सभी विभाग प्रमुखों को दिए निर्देश

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला योजना समिति की बैठक हुई, जिले के प्रभारी मंत्री ने सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ पत्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कावड यात्रा की तैयारियों कि जानकारी ली साथ ही कावड यात्रा के सफल संचालन के निर्देश

उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने जिला योजना समिति की बैठक मे विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं, निमार्णाधीन परियोजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचना चाहिए।

मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी प्रणय सिंह के द्वारा जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिए गए उनका पूरा अमल में लाया जाएगा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी शासन की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# रात में एसपी को कोतवाली में देख कर मचा हड़कंप

- अचानक पहुंचे एसपी, निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश
- कावड मेले के दौरान कावड़ियों की सुरक्षा का रखा जाए ध्यान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



रविवार देर रात एसपी अचानक सदर कोतवाली पहुंचे। एसपी को कोतवाली में देख पुलिस कर्मियों मे हड़कंप मच गया, एसपी ने औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। कावड यात्रा के दौरान कावड़ियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी ।

एसपी ओ पीसिंह ने कोतवाली कासगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, मालखाना, बैरक, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क सहित समस्त अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। अभिलेखों में पाई गई कमियों के त्वरित निराकरण एवं समस्त अभिलेखों को अद्यावधिक रखते हुए सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के बाद एसपी ने शासन द्वारा कावड़ सम्बन्धी दिये गये निदेर्शों की समीक्षा की गयी एवं उनका अनुपालन कराने हेतु अधीनस्थों निर्देशित किया गया तथा इसके अतिरिक्त कावड़ मार्ग में निरन्तर भ्रमणशील रहने, मिश्रित आबादी क्षेत्रों में भ्रमण करने तथा सम्भ्रान्त लोगों, ग्राम प्रधानों, चौकीदारों व कावड़ मित्रों के साथ गोष्ठी कर उनको ब्रीफ करने एवं शासन के निदेर्शों के अनुपालन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया । उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए कावड़ मार्ग पर किसी भी तरह का निरामिष भोजन व मदिरा का इस्तेमाल ना हो । मदिरा, ढाबों, पैट्रोल पम्प मालिकों से समय से वार्ता कर उनको शासन द्वारा दिये गये निदेर्शों को पूर्ण रूप से पालन करने हेतु अवगत करा दें एवं कावड़ मार्ग का भ्रमण कर कावड़ समितियों व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर कावड़ यात्रा में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु बताया गया । संदिग्ध मार्गो और ग्रामीण इलाकों प्रभावी चैकिंग गश्त की जाये तथा अपराधियों पर सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाये ।

इसके उपरान्त अपराध एवं अपराधियों पर रोकथाम एवं कड़ी कार्यवाही करने, एचएस और एक्टिव अपराधियों व पूर्व में गोकशी लिप्त और गौ तस्करों का भौतिक सत्यापन कर उन पर कड़ी निगरानी आदि रखते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है ।

# नयागांव पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी के 12,600 रू. पीड़ित को वापस मिले

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) योगेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं ठगी की धनराशि पीड़ितों को वापस दिलाने के अभियान के तहत थाना नयागांव पुलिस को सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी साइबर नीतीश गर्ग के नेतृत्व में थाना नयागांव की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने एक शिकायत पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार हुए आवेदक के खाते में ?12,600 की धनराशि वापस कराई।

पुलिस के अनुसार, आवेदक को झांसा देकर साइबर ठगी की गई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद साइबर हेल्प डेस्क टीम ने संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई।

# निषाद पार्टी ने कश्यप निषाद समुदाय को संवैधानिक सूचीबद्ध एस.सी. आरक्षण दिलाए जाने की आवाज सदन में उठाने हेतु विधायकों को सौंपे ज्ञापन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री महामना डॉक्टर संजय कुमार निषाद राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी के आह्वान पर आज सोमवार को एटा मुख्यालय पर निषाद पार्टी के सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष राकेश कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ो की तादाद में एकत्रित होकर कश्यप निषाद समुदाय को संवैधानिक सूचीबद्ध अनुसूचित जाति आरक्षण दिलाए जाने के लिए आगामी 3 अगस्त से प्रारंभ हो रहे विधानसभा सत्र में आवाज उठाने के लिए विधायक मारहरा वीरेंद्र सिंह लोधी एवं विधायक सदर विपिन वर्मा डेविड को ज्ञापन सौंपा है ! निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश कश्यप ने बताया कि गत 31. 12 .2016 को निर्गत शासनादेश के अनुसार निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, धीमर, बिंद, बाथम, तुरैहा, गोडिया, माझी, मछुआ जातियों को पिछड़ी जाति से की सूची से निकाल दिया गया है। फिर भी तहसील स्तर पर विशेष रूप से तहसीलदारों द्वारा उपरोक्त संशोधन का अनुपालन न करते हुए उपरोक्त जातियों को पिछड़ी जाति के प्रमाण पत्र जारी हो रहे हैं, जो कि नियमानुसार असंवैधानिक एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचना का स्पष्ट उल्लंघन है। राकेश कश्यप ने पिछडी जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने तथा अनुसूचित जाति मझवार एवं तुरैहा का प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने के लिए माननीय विधायकों से विधानसभा सदन में आवाज उठाऐ जाने की मांग की है।

इस अवसर पर पार्टी के प्रमुख महासचिव डॉक्टर सुभाष शाक्य, डॉ पुष्पेंद्र सिंह यादव, अजीत सिंह सोलंकी, डा.हरबंस सिंह राजपूत, सुनहरी लाल कश्यप प्रधान कसैटी, महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष कु. सर्वेश गिहार, युवा मोर्चा के प्रमुख महासचिव असद अब्बास सहित हरिश्चंद्र कश्यप एडवोकेट, संतोष कश्यप एडवोकेट, बेद सिंह कश्यप, योगेश कश्यप, शैलेंद्र कश्यप, सुभाष कश्यप, गजराज गिहार, राम शंकर कश्यप, मोहित कश्यप, साहिल, फैसल, समीर, आलोक उर्फ. नितिन, कैफ, सोहेल, समीर अब्बास, साहिल कुरैशी, मुजीब, अयान, राजू कश्यप, गुलजारी-लाल कश्यप, देवांश वर्धन कश्यप, रवि कश्यप आदि सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छत गिरने से मलबे में दबकर गृह स्वामी की मौत, पुत्र घायल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

थाना सिढ़पुर के गांव नगला ढूंढरा में मकान की कच्ची छत गिरजाने से गृह स्वामी की मौत हो गई जबकि पुत्र गंभीर रुप से घायल हुआ है।

गांव ढूंढरा निवासी अशर्फी लाल ओर उनका पुत्र सुरेन्द्र घर में सोये हुए थे देर रात घर के कमरे की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर पड़ी छत गिरने की आवाज सुनकर घर में सोये अन्य सदस्य जाग गए और कमरे की और दौड़े परिजन चीखपुकार करने लगे आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर इक्कठे हो गए मलवा हटाकर दोनों को निकला गया तबतक अशर्फी लाल की मौत हो चुकी थी। आनन फानन में घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी पर थाना पुलिस और एसडीएम आतिश सीओ अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

# डीएम अरविन्द सिंह के निर्देश पर उर्वरक विक्रय केंद्रों का सघन निरीक्षण

## किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- उर्वरकों का पर्याप्त भंडार, अफवाहों पर ध्यान न दें किसान: जिला कृषि अधिकारी

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार जनपद में किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा उर्वरक विक्रय केंद्रों एवं सहकारी समितियों का सघन निरीक्षण एवं सत्यापन अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।

दरअसल, डीएम अरविन्द सिंह ने पूर्व में स्वयं उर्वरक भंडारण स्थलों एवं गोदामों का निरीक्षण कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जनपद का कोई भी किसान खाद के लिए भटकने को विवश न हो तथा प्रत्येक किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने नियमित निरीक्षण, स्टॉक सत्यापन एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे। जिलाधिकारी के इन्हीं निर्देशों के क्रम में जिला कृषि अधिकारी द्वारा आज व्यापक निरीक्षण एवं सत्यापन की कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान जनपद के विभिन्न निजी उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों एवं सहकारी समितियों पर उर्वरकों के उपलब्ध स्टॉक, स्टॉक एवं विक्रय रजिस्टर, कैश मेमो, मूल्य सूची तथा अन्य अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। सभी विक्रेताओं एवं समिति सचिवों को निर्देशित किया गया कि उर्वरकों का विक्रय केवल शासन द्वारा निर्धारित दरों पर किया जाए, प्रत्येक बिक्री पर किसान को अनिवार्य रूप से कैश मेमो उपलब्ध कराया जाए तथा विक्रय केंद्रों पर मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित रखी जाए।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में जनपद में लगभग 29,511 मीट्रिक टन यूरिया, 11,520 मीट्रिक टन डीएपी तथा 4,229 मीट्रिक टन एनपीके सहित अन्य सभी प्रकार के उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। जनपद में उर्वरकों की किसी प्रकार की कमी नहीं है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें तथा अनावश्यक अग्रिम खरीद से बचें।

जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई उर्वरक विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय करता है, कालाबाजारी करता है, स्टॉक छिपाता है, टैगिंग करता है अथवा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध बिना किसी शिथिलता के कठोर वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कारगिल के शहीद सैनिकों को किया गया नमन




टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

शहर के सोरों गेट स्थित श्री जोगीदास मारवाड़ी माहेश्वरी धर्मशाल पर जिला माहेश्वरी सभा कासगंज व एटा के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया । समाज बन्धुओं ने कारगिल शहीदों की वीर गाथा का बखान किया शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार जाखेटिया ने कहा इस युद्ध में हमारे देश के जिन वीर जवानों ने अपना बलिदान दिया है उनका बलिदान भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने कहा देश की सरहदें वीर जबानों की वजह से ही सुरक्षित हैं उन्होंने कहा कि यह युध्द सन 1999मे हुआ इसको 27 वर्ष हो गये इसमें 527 जवान शहीद हुए थे इस युद्ध में जिन परिवारों ने अपने वीर सपूतों की आहुति दी है उन परिवारों के साथ- हमारी संस्था जिला माहेश्वरी सभा कासगंज ब एटा की सहानुभूति है।। समाज के लोगों केंडल जलाकर और दो मिनट का मौन धारण कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुरेश मूना, जिला मत्री अरविंद कावरा, जिला कोषाध्यक्ष मनोज भूतडा,सुरेन्द्र माहेश्वरी, सजीव कुमार गगन, गोपाल झवंर,राजकुमार जाखेटिया, अनुराग माहेश्वरी, योगेश जाखेटिया कृष्ण कुमार भटृर, अनिल माहेश्वरीआदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का हुआ शुभारंभ

## कासगंज में हुआ कार्यक्रम, शिक्षकों को बांटे गए डमी कैशलेस कार्ड

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- आगरा के कार्यक्रम का दिखाया गया प्रसारण

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ हुआ शहर के श्री गणेश इंटर कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम हुआ। शिक्षकों के डमी कार्ड वितरित किए गए साथ ही आगरा में हुए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षक दिवस 5 सितंबर 2025 के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की घोषणा की गई थी। इसी क्रम में शासनादेश जारी कर उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों, स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों तथा राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को सरकारी के साथ-साथ निजी चिकित्सालयों में भी कैशलेस उपचार की सुविधा अनुमन्य की गई है।

योजना का मुख्य राज्य-स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम रविवार, को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के खंदारी कैम्पस में संपन्न हुआ। इसी क्रम में जनपद कासगंज में श्री गणेश इंटर कॉलेज के सभागार में एक भव्य जिला-स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विधान परिषद सदस्य एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी और विशिष्ट अतिथि, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' एवं प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय कासगंज प्रो. एस.के. रावत ने योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना शिक्षकों के लिए एक मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा कवच साबित होगी।

### शिक्षकों को मिला डमी कैशलेस कार्ड

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के 20 शिक्षकों को मंच से 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' के डमी कैशलेस कार्ड वितरित किए गए। समारोह की एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी और सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रजनेश, जिला विज्ञान क्लब के डॉ. जयंत गुप्ता, एबीवीपी के ध्रुव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर छात्रों की जीत का जश्न, कांग्रेस ने निकाला विजय मार्च

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- संघर्ष को और आगे ले जाने का किया ऐलान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों और युवाओं की बड़ी जीत के रूप में देखते हुए, शहर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को भव्य विजय दिवस मशाल जलूस निकाला और मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशिक हुसैन भोले, पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी के नेतृत्व में यह जलूस कांग्रेस कार्यालय से जीटी रोड, परशुराम चौक और रोडवेज बस स्टैंड होता हुआ निकाला गया। कार्यकताओं ने जयकारे लगाए और विजय के रूप में पूरे मार्ग पर उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान कार्यालय पर छात्रों को मिष्ठान वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गईं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं इस्पात मंत्रालय के पूर्व सदस्य विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा, "छात्रों के आंदोलन ने शिक्षा मंत्री जैसे बड़े नेता को इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया, यह लोकतंत्र की जीत है। साथ ही, जंतर मंतर पर छात्रों के साथ हुई बर्बरता और राहुल गांधी जी की गिरफ्तारी की हम घोर निंदा करते हैं।

### जीत पूरे देश के युवाओं को समर्पित है

पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी ने कहा, "प्रियंका गांधी जी के साथ धक्का-मुक्की और छात्रों के साथ अभद्रता का विरोध हम पहले भी करते रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सरकार के घुटने टेकने का प्रमाण है। यह छात्र शक्ति की जीत है।"

जिला अध्यक्ष कांग्रेस किसान कांग्रेस सुनील गौतम एडवोकेट ने कहा, "छात्र आंदोलन के दबाव में सरकार को झुकना पड़ा। कांग्रेस ने इसे विजय दिवस के रूप में मनाकर युवाओं के संघर्ष को सलाम किया है।"

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ता:इस मौके पर अरुणेश गुप्ता, राधाकृष्ण गुप्ता, आदर्श मिश्रा डैनी, रणधीर सिंह दीपू एडवोकेट, तारा राजपूत, नीलमा राज, दिनेश यादव, नैना शर्मा, नेमा दिवाकर, ज्योति सोलंकी एडवोकेट, चंद्र कांत गांधी एडवोकेट, सुभाष सागर एडवोकेट, राजपाल वर्मा, सोहन लाल वर्मा, संजीव गुप्ता, आमिर अली, पुष्पेंद्र बघेल, जितेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र लोधी, प्रियांशु राजपूत, रामरतन बाल्मीकि, पंकज गौतम, जितेंद्र राना, राजेश गुप्ता, आशीष राज, आनंद पाल बघेल, शिवगत उल्ला खा, खुशीराम दिवाकर, हरिओम शर्मा, हीरा पाराशर, धीरेंद्र सविता, राजकुमार दिवाकर, ओमबीर सिंह राजपूत, अमित पाराशर, गौरव पाराशर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैंटर वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**टीएनएफ ब्यूरो, कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र में कैंटर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी , सीओ सदर ने मौके का निरीक्षण किया है।शव पोस्टमार्ड के लिए भेजे गए हैं।

कासगंज सोरों मार्ग पर पुरानी पुलिस लाइन के निकट तेज रफ्तार कैंटर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार जिला अलीगढ़ के थाना वरला के गांव नगला सावंती निवासी बाबू पुत्र नागर सिंह एवं जय प्रकाश पुत्र बुलाकी राम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कासगंज की सीओ आँचल चौहान मौके पर पहुंची उन्होंने अधीनस्थों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने अंत्यपरीक्षण के लिए शवों को पोस्टमार्टम गृह भेजा है। घटना की जानकारी जब गांव नगला सावंती में पहुंची तो परिवार में कोहरा मच गया। परिजन और ग्रामीण कासगंज पोस्टमार्टम गृह पर पहुंच गए थे। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# महिला से दुष्कर्म के प्रयास व जान से मारने की धमकी का आरोप, थाने में दी तहरीर

रिपोर्ट अश्वनी यादव

**एटा।** थाना निधौली कलां क्षेत्र के ग्राम मदनपुर निवासी एक महिला ने गांव के ही दो लोगों पर घर में घुसकर अश्लील हरकत, दुष्कर्म का प्रयास, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, 24 जुलाई 2026 की रात करीब 9:30 बजे जब महिला के परिवार के सदस्य मथुरा तीर्थ यात्रा पर गए हुए थे, तब गांव का निवासी जगदीश चन्द्र पुत्र गंगा सिंह कथित रूप से शराब के नशे में उसके घर पहुंचा। महिला का आरोप है कि उसने उसके पति के बारे में पूछताछ की और फिर गलत नीयत से हाथ पकड़कर घर के अंदर खींचने तथा कपड़े फाड़ने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर घर में मौजूद 13 वर्षीय बालक प्रिन्स मौके पर पहुंच गया, जिसके बाद आरोपी ने उसे कथित रूप से जान से मारने की धमकी दी और वहां से चला गया।

# जिम्बाब्वे से सीरीज जीतने के कप्तान श्रेयस और कोच लक्ष्मण ने एक-दूसरे की तारीफ की



एजेंसी, हरारे।

आयरलैंड और इंग्लैंड में टी20 सीरीज गंवाने के बाद श्रेयस अय्यर ने आखिरकार जीत का स्वाद चखा और जिम्बाब्वे का 3-0 से सूपड़ा साफ किया। इस जीत के बाद ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो चर्चा का विषय बन गया, जिसमें अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण और कप्तान श्रेयस अय्यर एक-दूसरे की जमकर तारीफ करते नजर आए। श्रेयस ने टीम को संभालने और युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने का श्रेय लक्ष्मण को दिया। हालांकि, उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर कई फैंस ने स्थायी मुख्य कोच गौतम गंभीर की कार्यशैली की तुलना शुरू कर दी और उन्हें लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगीं।

दरअसल, भारत के नए टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर और अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से मिली जीत में एक-दूसरे की भूमिका की सराहना की। भारत ने इस सीरीज में अपेक्षाकृत नई टीम उतारी थी जिसमें संजू सैमसन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे कई खिलाड़ी शामिल नहीं थे। भारत ने रविवार को तीसरे और अंतिम टी20 मैच में 35 रन की जीत के साथ सीरीज में क्लीन स्वीप किया। भारत ने पहला मैच सात विकेट से और दूसरा टी20 90 रन से जीता था। तीसरे टी20 में जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो साझा किया, जिसमें लक्ष्मण ने अय्यर की मजबूत मानसिकता की सराहना की है।

### लक्ष्मण ने श्रेयस की कप्तानी की तारीफ की

- लक्ष्मण ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की हार का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं श्रेयस को विशेष रूप से बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उनके कप्तानी करियर की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, लेकिन जिस तरह से उन्होंने वापसी की, वह शानदार था। वह पहले मैच से एक दिन पहले जब हमसे जुड़े और तभी से जीत के लिए आश्वस्त थे।'
- उन्होंने कहा, 'इस टीम में कई नए खिलाड़ी शामिल थे। हम जानते हैं कि इंग्लैंड में खेलने वाले खिलाड़ियों में से केवल चार या पांच ही इस दौरे पर हमारे साथ शामिल थे, लेकिन वह आत्मविश्वास से भरे हुए थे। जिस तरह से कप्तान ने आप सभी को प्रेरित किया उसे देखते हुए इस जीत का बहुत सारा श्रेय कप्तान को जाता है।'

### फिर अय्यर ने भी लक्ष्मण का आभार जताया

- इसके बाद अय्यर ने लक्ष्मण का आभार व्यक्त किया जिन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर को विश्राम दिए जाने के बाद इस दौरे के लिए अंतरिम कोच नियुक्त किया गया था। अय्यर ने कहा, 'इस सीरीज में कुछ कैच छोड़ने के अलावा हमारा प्रदर्शन बेदाग रहा। सहयोगी स्टाफ सहित टीम के हर सदस्य ने अपना योगदान दिया।'
- उन्होंने कहा, 'हमें प्रेरित करने और हमारा हौसला बढ़ाने के लिए वीवीएस सर आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हर दिन जब हम मैदान पर कदम रखते थे, तो मुझे लगता था कि आपने जो कुछ भी कहा वह बिल्कुल सही था और हम उससे जुड़ाव महसूस कर सकते थे। इसलिए आपका बहुत-बहुत आभार।'

### फैंस ने सोशल मीडिया पर वायरल किया बयान

श्रेयस के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। फैंस ने इसे गंभीर से जोड़ते हुए कहा कि आयरलैंड और इंग्लैंड में गंभीर के कोच रहते भारतीय टीम टी20 सीरीज में एक भी मैच नहीं जीत पाई थी। आयरलैंड ने भारत को 2-0 से और इंग्लैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 4-0 से हराया था। इसके बाद गंभीर समेत नए कप्तान श्रेयस की जमकर आलोचना हुई थी। भारतीय टीम फिर वनडे सीरीज भी 2-1 से गंवा बैठी थी।

## भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने भारत को दिलाया तीसरा रजत

**ग्लास्गो।** भारत की महिला भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच में 88 किलो और क्लीन एंड जर्क में 111 किलो वजन उठाया। इसके साथ ही उन्होंने कुल 199 किलो वजन उठाकर दूसर स्थान हासिल किया। नाइजीरिया की ओनोमे ओमोलोला दिदिह ने कुल 206 किलो (93+113) वजन उठाकर स्वर्ण पदक




और कनाडा की रेबेका ग्रोउलेक्स ने कुल 178 किलो (83+95) का वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

ज्ञानेश्वरी शुरूआत से ही पदक की प्रबल दावेदार थीं, लेकिन महज सात किलो के अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गईं। ज्ञानेश्वरी ने पहले प्रयास में 82 किलो वजन सफलतापूर्वक उठाया। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच के दूसरे प्रयास में 85 किलो वजन उठाया। इसके बाद उन्होंने स्नैच के तीसरे प्रयास में 88 किलो वजन उठाया। ज्ञानेश्वरी के स्नैच में तीनों प्रयास सफल रहे। हर एक प्रयास में उन्होंने अपना वजन बढ़ाया और वह इसे उठाने में सफल भी रहीं। ज्ञानेश्वरी का तीसरे प्रयास में 88 किलो वजन कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड भी था, लेकिन नाइजीरिया की ओनोमे ओमोलोला दिदिह ने 93 किलो उठाया नया रिकॉर्ड बनाया।

# ईशा सिंह ने महिला 25 मीटर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी, हांगझू।



भारत की उदीयमान निशानेबाज ईशा सिंह ने सोमवार को आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्तौल/शॉटगन) में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता हमवतन खिलाड़ी मनु भाकर को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। मनु ने कांस्य पदक जीता और भारत ने इस तरह से इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए। 21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि पेरिस 2024 ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने शूटऑफ जीतकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 28 अंक बनाए।

### क्वालिफाइंग दौर में ही भारतीय खिलाड़ियों ने दिखाया दबदबा

भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालिफाइंग दौर से ही अच्छी शुरूआत की। मनु ने 586 अंक बनाकर क्वालिफाइंग में पहला स्थान हासिल किया, जबकि ईशा 585 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। इस तरह से इन दोनों ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में आसानी से जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582 का स्कोर बनाया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (576) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573) ने केवल रैंकिंग अंकों के लिए (आरपीओ) खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।

### मनु बोलीं- इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा

इस सत्र के शुरू में म्यूनिख विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली ईशा ने कहा, 'पिछली जीत के कारण मुझ पर काफी दबाव था। जब आप अपनी स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपसे काफी उम्मीद की जाती है। मुझे खुशी है कि आज मैं इस दबाव को झेलने में सफल रही।' दूसरी तरफ मनु ने कहा कि इस पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह पदक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस तरह की सफलता सीढ़ी का काम करती है। इससे मुझे यह पता चलता है कि मैं किस दिशा में आगे बढ़ रही हूं। इस पदक से निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और इसका मुझे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में फायदा मिलेगा।

ईशा ने इस सत्र के शुरू में म्यूनिख विश्व कप के फाइनल में 43 अंक बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से उन्होंने अपनी निरंतरता बनाए रखी है जो आगामी प्रतियोगिताओं की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

# मनोरंजन

## बहन ने खींची तस्वीरें और खुल गया बॉलीवुड का रास्ता



आज बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में शामिल कृति सेनन को किसी पहचान की जरूरत नहीं है। खूबसूरती, अभिनय और अलग-अलग तरह के किरदारों के दम पर उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है। लेकिन उनके इस सफर की शुरूआत किसी बड़े स्टूडियो से नहीं, बल्कि घर के एक छोटे से फोटोशूट से हुई थी। उनकी बहन नूपुर सेनन ने जब कैमरे से कृति की कुछ तस्वीरें क्लिक कीं, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि यही तस्वीरें आगे चलकर उनके सपनों की पहली सीढ़ी बन जाएंगी।

कृति सेनन का जन्म 27 जुलाई 1990 को नई दिल्ली में हुआ था। उनके पिता राहुल सेनन चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं जबकि उनकी मां गीता सेनन दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रह चुकी हैं। उन्होंने दिल्ली से स्कूली शिक्षा हासिल की और इसके बाद नोएडा एक इंस्टीट्यूट से बीटेक किया। कॉलेज के दिनों तक कृति ने कभी नहीं सोचा था कि वह अभिनेत्री बनेंगी। वह पढ़ाई में काफी अच्छी थीं। पढ़ाई के दौरान उनकी लंबी हाइट और आत्मविश्वास देखकर दोस्तों ने उन्हें मॉडलिंग करने की सलाह दी। शुरूआत में कृति को यह बात अजीब लगी क्योंकि उन्होंने कभी कैमरे के सामने आने के बारे में नहीं सोचा था। फिर भी उन्होंने एक बार किस्मत आजमाने की सोची। इसमें उनका साथ उनकी बहन नूपुर ने दिया। कृति के पास कोई प्रोफेशनल पोर्टफोलियो नहीं था। उन्होंने अपनी बहन से कुछ तस्वीरें खींचने के लिए कहा।

नूपुर ने घर पर ही कृति की तस्वीरें क्लिक कीं, जिसे कृति ने एक ऑनलाइन मॉडलिंग कॉन्टेस्ट के लिए भेज दिया। किस्मत ने साथ दिया और वह कॉन्टेस्ट जीत गईं। इसके बाद उन्हें मशहूर फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी के साथ पोर्टफोलियो शूट करने का मौका मिला। यही मौका उनके मॉडलिंग करियर की शुरूआत बना। मॉडलिंग के बाद कृति ने फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। साल 2014 में उन्होंने तेलुगु फिल्म '1: नेनोक्काडाइन' से अभिनय की शुरूआत की। इस फिल्म में वह सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आईं। इसके बाद उसी साल उन्होंने हिंदी फिल्मों में कदम रखा। टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म 'हीरोपंती' से उनका बॉलीवुड डेब्यू हुआ। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड में बेस्ट फीमेल डेब्यू का पुरस्कार मिला।

इसके बाद कृति ने कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया। वह शाहरुख खान और वरुण धवन के साथ फिल्म 'दिलवाले', आयुष्मान खुराना और राजकुमार राव के साथ 'बरेली की बर्फी', कार्तिक आर्यन के साथ 'लुका छुपी' और अक्षय कुमार के साथ 'हाउसफुल 4' जैसी फिल्मों में नजर आईं। 'बरेली की बर्फी' में उनके छोटे शहर की लड़की वाले किरदार को काफी पसंद किया गया। कृति के करियर का सबसे बड़ा मोड़ साल 2021 में आई फिल्म 'मिमी' रही। इस फिल्म में उन्होंने सरोगेट मां का किरदार निभाया था। इस भूमिका के लिए उन्होंने अपना वजन भी बढ़ाया और खुद को पूरी तरह किरदार में ढाला। उनके अभिनय की खूब तारीफ हुई और उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान मिला। इसके अलावा उन्होंने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता। इसके बाद कृति ने लगातार अलग-अलग तरह के किरदार चुने। 'भेड़िया', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया', 'क्रू' और 'दो पत्ती' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता दिखाई। 'दो पत्ती' के साथ उन्होंने बतौर निमार्ता भी नई शुरूआत की और अपने प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की शुरूआत की। आज वह फिल्म इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में गिनी जाती है।

## 'मैं मां बनना चाहती हूं'; आम्रपाली दुबे ने जताई ख्वाहिश


भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे अपनी फिल्मों और अदाकारी से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अभिनेत्री एक बार फिर निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दरअसल, उन्होंने कुछ ऐसी इच्छा जाहिर कर दी है कि परिवार भी सुनकर चौंक गया। आम्रपाली का कहना है कि वे मां बनना चाहती हैं। बता दें कि आम्रपाली दुबे ने शादी नहीं की है।

### कब शुरू होगा 'भोजपुरी बवाल'

आम्रपाली दुबे को जल्द ही रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' में देखा जाएगा। यह शो 02 अगस्त से शुरू होगा। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ और पवन सिंह भी नजर आएंगे। शो के कई प्रोमो रिलीज हो चुके हैं। हालिया प्रोमो में आम्रपाली दुबे यह कहती दिखी हैं कि वे मां बनना चाहती हैं। उनका परिवार भी यह सुनकर हैरान रह गया है।

### बोलीं- 'मां बनना चाहती हूं'

प्रोमो में आम्रपाली मंदिर में भगवान के दर्शन करते हुए भावुक हो रही हैं। इसके बाद वे अपने परिवार के साथ बैठकर बातें करती दिखी हैं। इसी बातचीत में वे कहती हैं, 'अपनी पूरी जिंदगी का शायद सबसे बड़ा फैसला लेने जा रही हूं। मुझे नहीं पता कि इस फैसले का क्या परिणाम होगा। मेरा परिवार और मेरे प्रशंसक कैसी प्रतिक्रिया देंगे? लेकिन मुझे ये करना है। मैं मां बनना चाहती हूं'।



### आम्रपाली बोलीं- 'पक्का फैसला है'

आम्रपाली की बात सुनकर उनके माता-पिता हैरान नजर आए और एक-दूसरे की तरफ देखने लगे। तभी उनके पिता ने अभिनेत्री की मां से पूछा, 'क्या कहती हो ऊषा?'

फिर आम्रपाली की बहन ने उनसे पूछा कि क्या आप इसे लेक श्योर हो? इस पर आम्रपाली ने कहा कि मैं अपने फैसले पर एकदम पक्की हूं'। इस बीच आम्रपाली भावुक होकर रोती हुई भी नजर आईं। ऐसे में सवाल है कि क्या आम्रपाली शादी करेंगी? या बच्चा गोद लेंगी? फिलहाल इसे लेकर उन्होंने कोई खुलासा नहीं किया है। न ही शो के प्रोमो में इसे लेकर कोई जिक्र है।

## अभी तो मुट्ठी भर जमीं नापी है, पूरा आसमान बाकी है

### व्यापार के बढ़ावा और व्यापारियों के हित में जुटे हैं संजय प्लेस व्यापार एसोसियेशन अध्यक्ष धर्मेंद्र परमार

**अब तक के कार्यकाल की उपलब्धियां**

- सार्वजनिक शौचालयों को कब्जा मुक्त कराया
- अब पूरे क्षेत्र में होती है नियमित सफाई

**अब ये है लक्ष्य**

- संजय प्लेस क्षेत्र में व्यवस्थित, सुगम और सस्ती पार्किंग
- विभिन्न विभागों से तालमेल कर व्यापारियों की समस्याएं दूर कराना

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विभिन्न व्यवसायों की विशेष पहचान कराने और विशिष्ट कार्यशीलता वाले कुल 120 ब्लाक। तीन हजार से ज्यादा दुकानें, एम्पोरियम और शोरूम्स की कतार। सरकारी विभागों, उपक्रमों के 24 ब्लाक। आकार में इतना विशालकाय कि छोटा सा शहर बस जाए। व्यापार का फैलाव इतना कि आसपास के डेढ़ सौ शहरों की सीधी निर्भरता। दिल्ली के बाद पश्चिमी यूपी में सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र। इतनी विशालता और व्यापकता वाले संजय प्लेस व्यवसायिक स्थल पर व्यवस्थाओं का दायित्व संभालना कोई हंसी खेल नहीं है। लेकिन, अपनी सूझबूझ, नेतृत्व क्षमता, व्यापारियों से निरंतर संवाद और सामंजस्य से संजय प्लेस व्यापारी एसोसियेशन के तेज तर्रार अध्यक्ष धर्मेंद्र परमार ने अपने छोटे से कार्यकाल में ही अपनी कार्यशैली का बेहतर प्रभाव बना लिया है।वे कहते हैं कि कामयाबी की अभी तो शुरूआत हुई है। रास्तों ने अभी तो पांवों को छुआ है, अभी तो आसमान बाकी है।

उनमें कुछ अलग करने की ललक ही थी। बीटेक डिग्री लेने के बाद चाहते तो किसी कंपनी में इंजीनियर बनते लेकिन, ऐसा नहीं किया। खेरागढ़ के मूल निवासी धर्मेंद्र परमार ने संजय प्लेस में अपना कंप्यूटर का कारोबार शुरू किया। पारदर्शिता और गुणवत्तापरक सर्विस के बूते देखते ही देखते उन्होंने अपने कारोबार को नई ऊंचाइयां दीं। कंप्यूटर मार्केट में उनकी कामयाबी और कार्यशैली की चर्चा और परिचर्चा के बाद वे एसोसियेशन के अध्यक्ष बनाए गए। और बाद में पूरे संजय प्लेस व्यापारी एसोसियेशन के मुखिया मनोनीत हो गए।

**उत्तम उद्यमी**

### कैसे संभालते हैं दोहरी जिम्मेदारियां

टीएनएफ टुडे से धर्मेंद्र परमार कहते हैं कि कारोबार अपनी जगह और एसोसियेशन का काम अपनी जगह। जब भी किसी साथी को सहयोग की जरूरत होती है, उनका साथ देना मेरी प्राथमिकता बन जाती है। सभी व्यापारियों से नियमित संवाद भी करते रहते हैं जिससे उनके व्यापार से संबंधित दिक्कतों की जानकारी होती रहे।

### बदलाव, सुधार की शुरूआत कहां से की

धर्मेंद्र परमार ने बताया कि सबसे पहले तो संजय प्लेस में जहां-तहां बिखरी गंदगी को साफ कराने की ठानी। नगर निगम अधिकारियों से मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। अब निरंतर सफाई होती है। इसके साथ ही सार्वजनिक शौचालयों को कब्जामुक्त कराकर संचालित कराया। साथ ही, नगर निगम, पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ प्रत्येक माह समन्वय बैठक आयोजित की जाती है, ताकि बाजार से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो और प्रशासन एवं व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल बना रहे।

### पार्किंग को बनाएंगे विस्तृत कार्ययोजना

एसोसियेशन अध्यक्ष धर्मेंद्र परमार कहते हैं कि संजय प्लेस में पार्किंग बहुत ही अव्यवस्थित है। मनमाना शुल्क वसूला जाता है। सभी सड़कों पर गाड़ियां खड़ी रहती हैं। आश्चर्य तो ये होता है कि प्रतिष्ठानों पर ग्राहक नहीं होते लेकिन, संजय प्लेस में गाड़ियों की कतारें लगी रहती हैं।मेरा ठान लिया है कि पूरे क्षेत्र में पार्किंग को सुव्यवस्थित और सुगम बनवाया जाएगा। प्रतिष्ठान



धर्मेंद्र परमार

संचालकों और यहां के स्टाफ को बहुत ही सस्ता शुल्क देना पड़े। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे ग्राहकों, व्यापारियों एवं राहगीरों को जाम और अव्यवस्था से राहत मिले तथा बाजार की व्यवस्था बेहतर हो।

### व्यापारियों के हित सर्वोपरि

एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र परमार ने कहा कि एसोसिएशन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान एवं बाजार के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। एसोसिएशन व्यापारियों के उत्पीड़न के मामलों को समय-समय पर प्रमुखता से उठाती रही है। आगे भी बिजली, जीएसटी, सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं तथा व्यापारियों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को शासन और प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखती रहेगी।

**नोट-** यदि आप भी व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े हैं और अपने पुरुषार्थ से समाज और व्यवसाय को एक नई दिशा प्रदान की है तो अपने इस अद्भुत संघर्ष और सफलता की पूरी कहानी हमें 9412359817 पर व्हाट्सअप करें।